संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

13 जून 2026, शनिवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 262

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस


## ईंधन संकट : अब 200 लीटर से ज्यादा नहीं खरीद पाएंगे डीजल

**नई दिल्ली ।** देशभर में पेट्रोल और डीजल की संभावित किल्लत को रोकने और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार ने एक बेहद सख्त और बड़ा कदम उठाया है। नए सरकारी आदेश के तहत, अब सामान्य पेट्रोल पंपों से इंडस्ट्रियल (औद्योगिक) और कमर्शियल (व्यावसायिक) उपभोक्ताओं द्वारा पेट्रोल-डीजल खरीदने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।






# हाईकोर्ट ने एसीबी में लंबित सभी जांचों की स्थिति पर सरकार से मांगी रिपोर्ट

संवाददाता

**रांची ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) में प्रारंभिक जांच (पीई) के मामलों के जल्द निष्पादन को लेकर उच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान से दर्ज जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने एसीबी की लंबित प्रारंभिक जांचों के निष्पादन की धीमी गति पर असंतोष व्यक्त करते हुए अद्यतन स्थिति रिपोर्ट मांगी है।



मामले में राज्य की ओर से अदालत को बताया गया कि वे लंबित प्रारंभिक जांचों की स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकते हैं, लेकिन वह रिपोर्ट केवल जनवरी 2026 तक की स्थिति दर्शाएगी। इस पर अदालत ने कहा कि जनवरी 2026 के बाद लगभग छह माह बीत चुके हैं, इसलिए पुरानी रिपोर्ट पर्याप्त नहीं होगी।

खंडपीठ ने निर्देश दिया कि एसीबी में लंबित सभी प्रारंभिक जांचों की वर्तमान और अद्यतन स्थिति रिपोर्ट तैयार कर सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करें। यह अद्यतन स्थिति रिपोर्ट 25 जून 2026 तक अदालत के समक्ष दाखिल की जाए। अगली सुनवाई 25 जून 2026 को निर्धारित की गई है।

# सोरेन की दिल्ली यात्रा से कांग्रेस हुई बैचेन इंडिया गठबंधन के बिखराव का डर?

एजेंसी

**रांची ।** सीएम हेमंत सोरेन के दिल्ली प्रवास को लेकर झारखंड की राजनीति अभी उफान पर है, लेकिन इस यात्रा ने कांग्रेस की बेचैनी बढ़ा दी है। खास कर राज्यसभा चुनाव को लेकर हेमंत सोरेन का दिल्ली जाना कांग्रेस के रणनीतिकारों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। तात्कालिक वजह भी साफ है कि राज्यसभा के चुनाव में बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी के चुनावी जंग में उतरने से दलों के विधायकों के टूटने का खतरा दिख रहा है। राजनीतिक सूत्रों की माने तो धन बल के इस्तेमाल की भूमि झारखंड बनते दिख रही है लेकिन क्या हेमंत सोरेन सच में राज्यसभा चुनाव को इग्नोर कर रहे हैं या कि कुछ निजी परेशानियां भी हावी हो गई हैं? राज्यसभा चुनाव से ज्यादा परेशानी हेमंत सोरेन के सामने केंद्रीय एजेंसियां खड़ी कर रही है। व्यक्तिगत आरोपों से घिरे हेमंत सोरेन के सामने राज्यसभा चुनाव से ज्यादा बड़ा संकट ईडी और सीबीआई बन चुकी है। राजनीतिक गलियारों की माने तो परिमल नाथवानी की ओर से गृह मंत्री अमित शाह और हेमंत सोरेन की मुलाकात के चर्चे भी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम हेमंत सोरेन की परेशानी ईडी ने बढ़ा दी है। रांची के बडग़ई सर्कल के शांति नगर में 8.86 एकड़ जमीन के अधिग्रहण और उससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में कोर्ट ने सोरेन की दलील को खारिज कर दिया वाक्य यह था कि झारखंड के सीएम ने जमीन खरीद के मामले में दोषमुक्त करने का आग्रह किया था। उनका कहना था कि उन्हें फंसाया गया है, लेकिन ईडी ने उनके अपील के विरुद्ध कहा कि उनके पास प्रयास्त साक्ष्य हैं। इसलिए यह मामला खारिज नहीं हो सकता। कांग्रेस सूत्रों की माने तो इनके रणनीतिकारों की परेशानी यह है कि चुनाव के मौके पर हेमंत सोरेन के दिल्ली जाकर बैठ जाने से झामुमो या फिर राजद के विधायकों के टूटने का खतरा ज्यादा है। ऐसा कुछ होता है तो सीधे नुकसान कांग्रेस को होगा। वैसे भी बीजेपी समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी को तीन मत ही जुगाड़ करने हैं। नाथवानी तोड़ जोड़ के मास्टर खिलाड़ी हैं। 2008 और 2014 का चुनाव भी ये जीते हुए हैं। कांग्रेस के रणनीतिकारों को पता है कि झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन के नहीं रहने पर महागठबंधन के विधायक के बिखरने के खतरा ज्यादा हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी बने बांग्लादेश में भारत के नए हाईकमिश्नर

**नई दिल्ली ।** दिनेश त्रिवेदी शुक्रवार को अपना डिप्लोमेटिक रोल संभालने ढाका पहुंचे। वे पेट्रापोल-बेनापोल लैंड बॉर्डर के रास्ते बांग्लादेश पहुंचे। त्रिवेदी बांग्लादेश में पहले ऐसे हाईकमिश्नर हैं जो राजनीति से जुड़े रहे हैं। सरकार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक कुछ और देशों में भी अब इसी तरह राजनीतिक लोगों को डिप्लोमेटिक रोल के लिए भेजा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि सरकार इस पर विचार कर रही है, खासकर पड़ोसी देशों के मामले में।त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के पहले ऐसे हाईकमिश्नर हैं जो राजनीति से जुड़े रहे हैं।

### रौशन आनंद और खान सर के गाड्र्स की जमानत पर फैसला सोमवार को

**पटना ।** पटना सिविल कोर्ट में खान सर के कोचिंग पर हमले से जुड़े मामलों में ज्ञान बिंदु कोचिंग के निदेशक रौशन आनंद और खान सर के दो बॉडीगाड्र्स की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद दोनों मामलों में अब सोमवार को फैसले की उम्मीद है। रौशन आनंद की जमानत याचिका जिला जज के यहां से एडीजे 33 के कोर्ट में स्थानांतरित हुई थी। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान विरोधी पक्ष के वकील ने बहस के लिए और समय मांगा, इसकारण अगली सुनवाई सोमवार को निर्धारित की गई है।

### अचानक डाउन हुआ फेसबुक का सर्वर

**नई दिल्ली ।** शुक्रवार शाम सोशल मीडिया दिग्गज मेटा के प्रमुख प्लेटफॉर्म्स फेसबुक और इंस्टाग्राम के अचानक डाउन हो गया। इससे भारत समेत दुनियाभर के करोड़ों यूजर्स को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार शाम करीब 7 बजे यह आउटेज देखते ही देखते वैश्विक स्तर पर फैल गया, जिसके बाद यूजर्स अपने आप लॉग-आउट हो गए।

# झारखंड में सड़क दुर्घटना में मौत पर मिलेगा 4 लाख का मुआवजा

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित आपदा प्रबंधन विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अब राज्य में सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। बैठक में आपदा राहत व्यवस्था को



और प्रभावी बनाने, राहत वितरण में तेजी लाने तथा विभिन्न प्राकृतिक एवं मानवीय आपदाओं से प्रभावित लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया। सरकार का कहना है कि इस फैसले का उद्देश्य दुर्घटना प्रभावित परिवारों को कठिन समय में आर्थिक संबल प्रदान करना और आपदा प्रबंधन प्रणाली को अधिक मजबूत बनाना है।

## मोदी से मिले परिमल नाथवानी रास चुनाव से पहले बढ़ी हलचल



**नई दिल्ली/रांची (संवाददाता) ।** झारखंड से भाजपा समर्थित राज्यसभा के निर्दलीय उम्मीदवार परिमल नाथवानी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री आवास में हुई इस मुलाकात के दौरान उनके पुत्र धनराज नाथवानी भी मौजूद रहे। राज्यसभा चुनाव के बीच हुई इस बैठक ने झारखंड की राजनीति में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। राजनीतिक गलियारों में इस मुलाकात को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि मुलाकात के एजेंडे को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन राज्यसभा चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री से हुई भेंट को लेकर कई तरह के राजनीतिक संकेत और संदेश निकाले जा रहे हैं।जानकारी के अनुसार, परिमल नाथवानी 16 जून को रांची पहुंचेंगे और दो दिनों तक राजधानी में रहकर चुनावी रणनीति और तैयारियों को अंतिम रूप देंगे।

## अनुशासनहीनता मात्र पर नौकरी से नहीं निकाला जा सकता कर्मचारी : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी कर्मचारी को केवल अनुशासनहीनता, आदेशों की अवहेलना या वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश न मानने के आधार पर नौकरी से नहीं निकाला जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि बर्खास्तगी जैसी कठोर सजा केवल उन मामलों में दी जानी चाहिए, जहां भ्रष्टाचार, अनैतिक आचरण, वित्तीय अनियमितता या नियोक्ता को गंभीर नुकसान पहुंचाने वाली हरकतें साबित हों। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एनके सिंह की पीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि कार्यस्थल पर अनुशासन का महत्व निर्विवाद है, लेकिन अनुशासनहीनता के हर मामले में नौकरी से निकालना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा कि भ्रष्टाचार, अवैध लाभ प्राप्त करना, फंड का दुरुपयोग, संगठन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना या नियोक्ता को प्रत्यक्ष क्षति पहुंचाने जैसे गंभीर मामलों के अभाव में कर्मचारी को सेवा से हटाना अत्यधिक कठोर कदम होगा। अदालत के अनुसार, किसी भी सजा का संबंध कर्मचारी के कृत्य की गंभीरता, उसके पूर्व सेवा रिकॉर्ड, परिस्थितियों और संस्थान पर पड़े प्रभाव से होना चाहिए।

# पाकुड़ में डीसी ने 207 स्कूलों के शिक्षकों का वेतन रोका

**- डिजिटल हाजिरी में लापरवाही पड़ी भारी**

संवाददाता

**पाकुड़ ।** झारखंड के पाकुड़ जिले में शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के खिलाफ उपायुक्त (डीसी) मेघा भारद्वाज ने बेहद सख्त रुख अपनाया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान डीसी ने ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर छात्रों की हाजिरी दर्ज न करने वाले 189 विद्यालयों और पूरे महीने बायोमेट्रिक उपस्थिति न बनाने वाले 18 स्कूलों के शिक्षकों का वेतन तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का आदेश जारी किया है। उपायुक्त ने दोटूक शब्दों में कहा कि शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही, अनुशासन और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में जब शैक्षणिक सूचकों की समीक्षा की गई, तो सरकारी व्यवस्था की बड़ी कमियां सामने आईं। जांच में पता चला कि जिले के 189 स्कूलों ने ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर बच्चों की उपस्थिति एक भी दिन दर्ज नहीं की थी, जबकि 47 स्कूल ऐसे थे जहां पूरे महीने में सिर्फ एक दिन हाजिरी दर्ज की गई। वहीं, 18 स्कूलों के शिक्षकों ने पूरे महीने अपनी बायोमेट्रिक हाजिरी ही नहीं बनाई थी।

# 38 लाख के जेवरात छोड़ने के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**चारा घोटाले का मामला**

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड उच्च न्यायालय ने चारा घोटाले के किंगपिन के रूप में चिह्नित श्याम बिहारी सिन्हा के घर से जब्त किए गए 38 लाख रुपये के जेवरात को ÷स्त्रीधन÷ मानकर छोड़ने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगा दी है। अदालत ने इस मामले में श्याम बिहारी सिन्हा के पुत्र रवि सिन्हा सहित अन्य पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। यह मामला चारा घोटाले के आरसी-68/96 से जुड़ा है, जिसमें रवि सिन्हा को वर्ष 2018 में सजा सुनाई जा चुकी है। 13 और 14 मई 1999 को छापेमारी के दौरान श्याम बिहारी सिन्हा के आवास से ये जेवरात जब्त किए गए थे। रिकॉर्ड के मुताबिक, श्याम बिहारी सिन्हा का निधन वर्ष 1999 में और उनकी पत्नी रमा सिन्हा का निधन 2011 में हो चुका है। रमा सिन्हा ने अपने जीवनकाल में इन जेवरात को स्त्रीधन बताते हुए कोई दावा नहीं किया था। लेकिन बाद में उनके पुत्र रवि सिन्हा ने वर्ष 2024 में सीबीआई अदालत में याचिका दाखिल कर इन जेवरात को स्त्रीधन बताते हुए उन्हें छोड़ने का अनुरोध किया।

निचली अदालत ने इस याचिका पर सुनवाई के बाद जेवरात छोड़ने का आदेश दिया था, जिसे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने झारखंड उच्च न्यायालय में चुनौती दी। सीबीआई की ओर से अधिवक्ता दीपक भारती ने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने अपने दावे के समर्थन में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया और इसके बावजूद निचली अदालत ने आदेश पारित कर दिया, जो न्यायसंगत नहीं है।






# रांची की पलक का भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन जिले की पहली महिला क्रिकेटर बन रचा इतिहास

संवाददाता

**रांची ।** रांची जिला क्रिकेट संघ (आरडीसीए) के लिए शुक्रवार का दिन तब ऐतिहासिक साबित हुआ, जब अंडर-19 महिला क्रिकेटर कुमारी पलक का चयन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में किया गया। श्रीलंका महिला टीम के आगामी भारत दौरे के दौरान आयोजित होने वाली एकदिवसीय और टी-20 श्रृंखला के लिएरांची की पलक का भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चयन, जिले की पहली महिला क्रिकेटर बन रचा इतिहास



उन्हें भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उनके चयन से रांची ही नहीं, बल्कि पूरे झारखंड में खुशी और गर्व का माहौल है। पलक रांची जिला क्रिकेट संघ की ओर से भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई हैं। यह उपलब्धि उनके वर्षों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और लगातार शानदार प्रदर्शन का परिणाम मानी जा रही है। जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें राष्ट्रीय टीम तक पहुंचने का अवसर मिला। पलक की इस उपलब्धि पर रांची जिला क्रिकेट संघ और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। खेल जगत से जुड़े लोगों ने इसे झारखंड महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है, जो राज्य की अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी। पलक की क्रिकेट यात्रा संघर्ष, समर्पण और निरंतर मेहनत की कहानी है। उन्होंने ओरमांझी क्रिकेट क्लब से क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उनके कोच पंक्षित कुमार महतो ने शुरुआती दौर से ही उनकी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भी पलक उन्हीं के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही हैं।

# सभी प्रमंडलों में खुलेंगे शिबू सोरेन कृषि प्रशिक्षण केंद्र



संताल एक्सप्रेस

**रांची ।** झारखंड राज्य कृषि विपणन परिषद अधिनियम-2022 के तहत नवगठित निदेशक मंडल की पहली स्वागत बैठक परिषद के अध्यक्ष रवींद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में राज्य की बाजार समितियों को सशक्त बनाने और किसानों की आय में बढ़ोतरी करने के उद्देश्य से कई दूरगामी और महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस बैठक में कृषि विपणन के ढांचे को पूरी तरह बदलने पर सहमति बनी, जिससे आने वाले दिनों में किसानों और व्यापारियों दोनों को सीधा लाभ मिलेगा।बैठक में लिए गए फैसलों के अनुसार, डोरंडा बाजार और कोडरमा बाजार समिति में आधुनिक सुविधाओं से लैस बहुमंजिला कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाएगा. इसके साथ ही राज्य की सभी बाजार समितियों को 'मॉडल बाजार' के रूप में विकसित करने का बड़ा फैसला लिया गया है. इस कायाकल्प योजना के तहत जर्जर हो चुकी दुकानों और गोदामों की मरम्मत होगी, जबकि खाली पड़ी जमीनों पर 'जी 2' नई दुकानों का निर्माण किया जाएगा. बाजारों को सर्वसुविधाजनक बनाने के लिए सड़कों का सुदृढ़ीकरण, आधुनिक शौचालय, प्रशासनिक भवन और मुख्य प्रवेश द्वारों का निर्माण कराया जाएगा. किसानों को आधुनिक खेती की बारीकियों से रूबरू कराने के लिए परिषद ने राज्य के सभी पांच प्रमंडलों में दिवंगत गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में 'आधुनिक कृषि प्रशिक्षण केंद्र' स्थापित करने का एक बड़ा और ऐतिहासिक निर्णय लिया है. इन केंद्रों के माध्यम से किसानों को नई तकनीक और उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी दी जाएगी. इसके साथ ही केंद्र सरकार की 'ई-नाम' योजना के तहत बाजार समितियों को मजबूत करने, अधिक से अधिक किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण कराने और उन्हें डिजिटल कृषि व्यापार से जोड़ने के लिए विशेष प्रशिक्षण देने की रूपरेखा भी तैयार की गई है।डिजिटल इंडिया की दिशा में कदम बढ़ाते हुए परिषद और बाजार समितियों की सभी संपत्तियों, दुकानों, गोदामों और सेफ्टी शॉप के पूरे डेटा का डिजिटलीकरण करने का भी फैसला लिया गया है, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी. इसके अलावा 'ई-नाम' पोर्टल के माध्यम से बेहतर व्यापार करने वाले किसान उत्पादक संगठनों और प्रगतिशील किसानों को समिति स्तर पर सम्मानित किया जाएगा ।

## धुर्वा से लापता बच्चों के परिजन से मिले आदित्य साहू



**रांची।** रांची के धुर्वा इलाके से लापता हुए बच्चों का 12 दिन बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। इसको लेकर परिजनों में आक्रोश है। इधर, शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू मुलाकात ओर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने पीड़ित परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद मामले को गंभीर बताते हुए पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए।आदित्य साहू ने कहा कि वे लापता बच्चों के परिजन का बयान कुछ और है, जबकि एफआईआर में अलग बातें दर्ज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवार पढ़ा-लिखा नहीं है और पुलिस ने अपने बचाव में मनमाने ढंग से प्राथमिकी दर्ज करने का काम किया है। इससे पुलिस की भूमिका पर संदेह उत्पन्न होता है।उन्होंने तीनों बच्चे करण, अर्जुन और शिवा की अविलंब बरामदगी सुनिश्चित करने और मामले की निष्पक्ष और गंभीर जांच की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि रांची के कोकर स्थित खोरहा टोली रोड नं-02 से लापता 18 माह की मासूम बच्ची अदिति का आज तक कोई पता पुलिस नहीं लगा सकी है। पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता के विरोध में शनिवार को मशाल जुलूस निकालने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में बच्चों के अपहरण और लापता होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। भाजपा ऐसे प्रत्येक मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और जहां भी ऐसी घटनाएं होती हैं, वहां पार्टी कार्यकर्ता जनहित में आवाज उठाने का कार्य करते हैं।उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों के बच्चों को भी इस देश में समान अधिकार प्राप्त हैं। धुर्वा इलाके के बच्चों के लापता होने के लगभग 12 दिन बाद भी पुलिस कोई ठोस सफलता हासिल नहीं कर सकी है। पीड़ित परिवार के अनुसार पुलिस केवल औपचारिकताएं पूरी कर रही है और अब तक प्रभावी खोजबीन नहीं की गई है।इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, सरोज सिंह, अशोक बड़ाइक, रामकुमार पाहन, रमेश सिंह, उमेश यादव, शुचिता रानी राय, जितेंद्र वर्मा, वीणा मिश्रा, दीपक लोहरा, पंकज सिन्हा, नीरज सिंह, सूरज शाहदेव, राजेंद्र मुंडा सहित कई लोग थे।

## बिना लाइसेंस संचालित हो रहा था होटल ट्रायोटेल, नगर निगम ने किया सील

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम ने बिना वैध अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) संचालित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सरायढेला स्थित होटल ट्रायोटेल को सील कर दिया है। यह कार्रवाई झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला, विवाह भवन, बैंक्वेट हॉल, लॉज एवं हॉस्टल निर्माण एवं अनुज्ञप्ति नियमावली, 2013 के तहत की गई।नगर निगम के अनुसार सरायढेला मेन रोड स्थित लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स में संचालित होटल ट्रायोटेल के संचालक भानु खत्री को लाइसेंस प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक सूचना और नोटिस के माध्यम से कई बार अवसर दिया गया था। इसके बावजूद निर्धारित समय सीमा के भीतर अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया।निगम जांच में होटल को बिना वैध लाइसेंस के संचालित पाया गया। इसके बाद नियमावली 2013 के नियम-13 तथा झारखंड नगर पालिका अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के तहत होटल ट्रायोटेल के संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए परिसर को सील करने का आदेश जारी किया गया।धनबाद नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि नगर निगम क्षेत्र में बिना लाइसेंस संचालित होटल, लॉज, बैंक्वेट हॉल, धर्मशाला एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ जांच और कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निगम प्रशासन ने सभी संचालकों से निर्धारित नियमों के अनुरूप आवश्यक अनुज्ञप्ति प्राप्त कर ही प्रतिष्ठानों का संचालन करने की अपील की है। ऐसा नहीं करने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## हाइवा की टक्कर से युवक की मौत, नौ घंटे रहा जाम

**धनबाद।** बाघमारा के बरोरा थाना क्षेत्र के जमुआटांड़-हरिणा हीरक सड़क मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान खोनाठी बस्ती निवासी विनोद महतो के पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। घायल युवक का इलाज धनबाद में चल रहा है। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार को लगभग नौ घंटे तक हरिणा हीरक रोड जाम कर विरोध प्रदर्शन किया।जानकारी के अनुसार गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित हाइवा ने चार पहिया वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सौरभ कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक वाहन लेकर फरार हो गया।घटना की सूचना मिलते ही बरोरा थाना प्रभारी साधन कुमार के नेतृत्व में पुलिस जांच में जुट गई। मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने दुर्घटना में शामिल संदिग्ध हाइवा की पहचान की। जांच के दौरान हाइवा मुराईडीह वर्कशॉप के समीप लावारिस हालत में खड़ा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

## जंगल में महिला का कंकाल मिलने से सनसनी

**पलामू ।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के जमुदाहा जंगल में शुक्रवार को एक महिला का कंकाल मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद वरीय अधिकारियों के साथ पांडू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, जंगल में मिले कंकाल के पास बरामद कपड़ों के आधार पर परिजनों ने उसकी पहचान सुनीता देवी (37), पति विनोद राम, भटवलिया, पांडू के रूप में की है। बताया गया कि सुनीता देवी गत 29 मई को सुबह करीब 11 बजे जंगल में लकड़ी लाने गई थीं, जिसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी थीं।घटना को लेकर क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि महिला की मौत जंगली जानवर के हमले में हुई हो सकती है। वहीं, मृतका के मायके पक्ष ने उसके पति पर गंभीर आरोप लगाए हैं और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।पुलिस ने कंकाल को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम एवं वैज्ञानिक जांच के लिए रिम्स, रांची भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## अवैध खनन करते मंत्री ने पकड़ा तीन टेलर और एक पोकलेन जब्त

**पलामू ।** वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर गुरूवार रात सिंघम बने नजर आए। उन्होंने फिल्मी स्टाइल में पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में पहाड़ पर हो रहे अवैध खनन को लेकर रेड मारी। इस क्रम में तीन टेलर और एक पोकलेन जब्त किये गये, जबकि इंटर स्टेट माइनिंग गिरोह का खुलासा हुआ। मंत्री के अचानक कार्रवाई करने से प्रशासनिक महकमा सकते में पड़ गया। खनन विभाग इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुट गया है।मंत्री के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि बटाने डैम रोड में गोसाईडीह और देवताही इलाके में पिछले दिनों मिट्टी मोरम का अवैध खनन करना वाला गैंग छतरपुर के देवगन-दीनादाग-रेंगनिया इलाके में सक्रिय है और ग्रामीणों को डरा धमका कर देर रात पहाड़ पर अवैध खनन करता है।मंत्री रांची से देर रात सीधे मौके पर पहुंचे। यहां आने के बाद पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी और छतरपुर के एसडीपीओ प्रशांत कुमार को सूचना दी।पुलिस टीम के आने के बाद की गयी कार्रवाई में तीन टेलर, एक पोकलेन सहित अन्य वाहन जब?त किए गए। अंधेरे का फायदा उठाकर खनन कार्य में लगे तस्कर फरार हो गए। पिछले एक साल से इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर मिट्टी मोरम का अवैध खनन हो रहा था। स्थानीय लोगों ने पुलिस और अंचल अधिकारी को कई बार जानकारी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण स्थानीय विधायक और मंत्री होने के कारण उन्होंने पहल की।

## उत्तर झारखंड और दक्षिण झारखंड नैपुण्य वर्ग सम्पन्न

**जरमुंडी प्रतिनिधि ।** जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत बाबा बासुकीनाथ सहारा धर्मशाला में एकल अभियान गतिविधि विभाग, उत्तर झारखंड एवं दक्षिण झारखंड नैपुण्य वर्ग का विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर समापन सत्र में दुमका अंचल समिति अजय सिंह, प्रदीप साय,सुनिल कुमार राय व कुशमाहा पंचायत के मुखिया सह भाग समिति सदस्य दामोदर गृही ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में ओमकार, गायत्री मंत्र व हनुमान चालीसा से शुरू किया गया।इस अवसर पर समापन सत्र को संबोधित करते हुए दुमका अंचल समिति अजय सिंह ने कहा किगतिविधि विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र आरोग्य योजना जागरण, सीजी, ग्राम विकास इन सभी विषयों को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में लगातार काम किए जा रहे हैं।

## झारखंड की जेलों में बढ़ेगी सुरक्षा, मोबाइल डिटेक्शन के लिए लगेंगे नॉन-लीनियर जंक्शन डिटेक्टर

संताल एक्सप्रेस

**राँची।** झारखंड सरकार ने राज्य की जेलों की सुरक्षा व्यवस्था को बेहद मजबूत, हाई-टेक और आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है. वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गढ़वा जिले के नवनिर्मित उपकारा (नगर उंटारी) और गुमला के मंडल कारागार के विस्तारित हिस्से में आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के खरीददारी के लिए 16.86 करोड़ रूपया की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है.नवनिर्मित उपकारा, नगर उंटारी (गढ़वा) में 9.39 करोड़ से लगेंगे 324 CCTV और अत्याधुनिक स्कैनर गढ़वा जिले के नवनिर्मित उपकारा, नगर उंटारी की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 9.39 करोड़ रूपया मंजूर किए गए हैं. इस बजट से जेल में पूरी जेल परिसर के चप्पे-चप्पे पर पैनी नजर रखने के लिए कुल 324 अत्याधुनिक लगाए जाएंगे इसके अलावा जेल के भीतर आने-जाने वाले सामान की गहन जांच के लिए एक आधुनिक एक्स-रे स्कैनर मशीन लगाई जाएगी. साथ ही सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए दो डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और दो हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे. जेल के भीतर किसी भी छिपे हुए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस या मोबाइल-वायर का पता लगाने के लिए नॉन-लीनियर जंक्शन डिटेक्टर की खरीद की जाएगी.मंडल कारा, गुमला:- 7.47 करोड़ से विस्तारित हिस्से में बिछेगा कैमरों का जाल मंडल कारा, गुमला और उसके नवनिर्मित विस्तारित हिस्से की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 7.47 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है. गुमला जेल के विस्तारित खंड की सुरक्षा के लिए कुल 207 उच्च क्षमता वाले सीसीटीवी कैमरे खरीदे और इंस्टॉल किए जाएंगे. योजना के तहत उपकरणों की स्थापना के बाद दो वर्षों की वारंटी, गारंटी अवधि मिलेगी. इसके समाप्त होने के पश्चात, अगले तीन वर्षों तक व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध की राशि भी इसमें सुनिश्चित की गई है.

## नगर निगम ने होल्डिंग टैक्स के रूप में वसूले 32 करोड़ रूपये

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2026-27 में होल्डिंग टैक्स संग्रहण अभियान के तहत अबतक 32 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की जा चुकी है। कर संग्रहण प्रक्रिया में तेजी लाने और प्रथम तिमाही के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को उप नगर आयुक्त गौतम प्रसाद साहू की अध्यक्षता में राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में उप नगर आयुक्त ने बताया कि निगम ने 30 जून 2026 तक 50 करोड़ रुपये होल्डिंग टैक्स संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## झारखंड पहुंचा मानसून, पूरे राज्य में होगी झमाझम बारिश

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** दक्षिणी-पश्चिमी मानसून ने शुक्रवार को झारखंड में दस्तक दे दी है। इसी के साथ ही आनेवाले दिनों में पूरे राज्य में झमाझम बारिश होगी। मानूसन संथाल और पूर्वी सिंहभूम जिले के रास्ते झारखंड में पहुंचा है। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को रांची के एयरपोर्ट स्थित मौसम विज्ञान केंद्र में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में मानूसन राज्य के जामताडा, देवघर, दुमका, गोडडा, पाकुड, साहेबगंज और धनबाद के कुछ हिस्से, गिरिडीह और पूर्वी सिंहभूम में पहुंच गया है। यही वजह है कि इन जिलों के कुछ हिस्सों में बारिश दर्ज की गई। अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो-तीन दिनों में मानसून राज्य के अन्य जिलों को भी कवर कर लेगा। इससे झारखंड के सभी जिलों में भी मानसून की अच्छी बारिश होगी। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष मानसून झारखंड में 17 जून को पहुंचा था, लेकिन इस बार यह समय से पूर्व ही केरल पहुंच गया। साथ ही झारखंड सहित देश के अन्य राज्यों में पहुंच रहा है। झारखंड में इस बार मानूसन पांच दिनों पूर्व पहुंचा है। मानसून हिंद महासागर और अरब सागर की ओर से देश के दक्षिण-पश्चिमी तट पर आनेवाली हवाओं को को कहते हैं जो देश भर में बारिश कराती है। ये हवाएं दक्षिण एशिया क्षेत्र में जून से सितंबर माह तक (चार महीने) सक्रिय रहती है और देश की लगभग 70 प्रतिशत बारिश पूरी करती है।

## रिश्वत मामले में पूर्व अंचलकर्मी को एक वर्ष की सश्रम कैद

**रांची।** करीब दो दशक पुराने रिश्वतखोरी के एक मामले में एसीबी की विशेष अदालत ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। एसीबी के विशेष न्यायाधीश ने तत्कालीन खूंटी अंचल कार्यालय के कर्मचारी सत्यनारायण राम को दोषी ठहराते हुए एक वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यदि दोषी निर्धारित अवधि में जुर्माने की राशि जमा नहीं करता है, तो उसे छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। फैसले के बाद मामले का विधिक निस्तारण हो गया।यह मामला वर्ष 2006 का है, जब खूंटी अंचल कार्यालय में कार्यरत सत्यनारायण राम पर रिश्वत लेने का आरोप लगा था। आरोप के अनुसार उन्होंने जमीन के म्यूटेशन से संबंधित दस्तावेजों को आगे बढ़ाने और प्रक्रिया पूरी करने के एवज में शिकायतकर्ता मोहम्मद नसीम खान से 500 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

## साहिबगंज में पोषण वाटिका का लगा प्रशिक्षण शिविर




**साहिबगंज ।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के द्वारा राजमहल प्रखंड के खुटहरी, पड़रिया, तीनपहाड़ व तेतुलिया पंचायत में एक दिवसीय पोषण वाटिका का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया.प्रशिक्षण शिविर में गर्भवती, धात्री एवं किशोरियों को ममता संस्था के द्वारा पोषण बगीचा लगाने का प्रशिक्षण दिया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर पंचायत के मुखिया एवं आंगनवाड़ी सेविका ने की. प्रशिक्षक के रूप में अमन कुमार जिला समन्वय साहिबगंज के उपस्थिति में गर्भवती,धात्री एवं किशोरियों को अंकुरित करने वाले बीज एवं खेत तैयार करने की विधि उसमें जैविक खाद का तैयार करने एवं बीज से पोषक तत्व के बारे में जानकारी दी गई. ममता संस्था के द्वारा लाभार्थियों को यह भी बताया गया आप पोषण बगीचा लगे अपने परिवार को सुखी एवं समृद्ध बनाएं. प्रशिक्षण में संस्था के सदस्य अभिषेक कुमार, अजय कुमार, अनीता साह, तलत नसी एवं संगीता हसन एवं ग्रामीण समूह के सदस्य मौजूद थे.

## राज्य में पर्यटन के विकास से आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी :संजय सेठ



**रांची ।** आज नई दिल्ली में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय पर्यटन एवं कला-संस्कृति गजेंद्र सिंह शेखावत जी से आत्मीय मुलाकात किया। । इस मुलाकात में झारखंड में अपार पर्यटन संभावनाओं पर चर्चा की तथा राज्य की प्राकृतिक सुंदरता, समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने से संबंधित सुझाव दिया। राज्य में पर्यटन के विकास से आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आज दिल्ली में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडवीया से भी मुलाकात की और आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले योग दिवस पर चर्चा की एवं झारखंड में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं झारखंड के बच्चों को सुविधा मिले यहां के युवा खेल के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ रहे हैं कैसे इन प्रतिभाशाली बच्चों को सुविधा मिले इन सभी विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई

## फायरिंग मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के सामलोंग स्थित अराफात अपार्टमेंट के पास हुई फायरिंग की घटना में रांची पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद टीपू उर्फ सद्दाम और मोहम्मद इरशाद आलम उर्फ बौना के रूप में हुई है। दोनों नामकुम थाना क्षेत्र के मौलाना आजाद कॉलोनी के निवासी हैं।पुलिस के अनुसार 10 जून की शाम अपराधियों ने शमशेर आलम नामक व्यक्ति को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए रांची के एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया और जांच शुरू की गई।

## रेलवे ट्रैक पर बरामद गोमिया के तीन युवकों के शव मामले की सीआइडी ने शुरू की जांच

**बोकारो(ईएमएस)।**राधागांव रेलवे स्टेशन के समीप लावाटांड क्षेत्र के रेलवे ट्रैक से चार जून की सुबह तीन युवकों का क्षत विक्षत शव बरामद किया गया था। मृत युवकों के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए जीआरपी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।इसके बाद संदिग्धावस्था में मिले युवकों के शव मामले की जांच जीआरपी बोकारो थाना प्रभारी अमरेंद्र कोटवार की टीम कर रही थी।मामले में नौ जून को सीआइडी की इंट्री हो गयी।नौ जून को जांच संबंधी सभी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद केस को सीआइडी ने हैंडओवर ले लिया। इसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गयी है। 10 से 12 जून के बीच सीआइडी की टीम लगातार रेलवे ट्रैक के साथ-साथ आसपास के गांव में पूछताछ कर रही है। साथ ही युवकों के मोबाइल का लोकेशन व सीडीआर पर भी जांच शुरू कर दिया गया है। पता किया जा रहा है कि तीनों युवक किसके बुलावे पर गोमिया से बोकारो आये थे। राधागांव स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचे।घटनास्थल तक बाइक कैसे पहुंची. साथ ही शव के पास शराब की बोतल किसने रखी।सीआइडी की टीम जीआरपी बोकारो थाना प्रभारी श्री कोटवार से भी मुलाकात कर चुकी है।चार जून की सुबह जीआरपी ने राधानगर पंचायत के समीप लावाटांड़ क्षेत्र में रेलवे ट्रैक से तीन युवकों के शव क्षत विक्षत अवस्था में बरामद किया था। घटनास्थल के समीप से एक मोटरसाइकिल व शराब की कुछ बोतल भी मिली थी। घटना बोकारो रेलवे स्टेशन से लगभग नौ किलोमीटर दूर स्थित रेलवे ट्रैक पर घटी थी।जीआरपी थाना प्रभारी अमरेंद्र कोटवार के अनुसार तीनों मृत युवक गोमिया का रहनेवाला था।पहचान 20 से 25 वर्ष के बीच बबलू सोरेन, दीपक सोरेन व बाबूराम मुर्मू के रूप में की गयी थी। सभी मृत युवक गोमिया प्रखंड के मडवाडीह टीकाहारा बडकीपुनु गांव निवासी थे।मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जीआरपी डीएसपी जयश्री कुजूर ने भी घटनास्थल का दौरा किया

## रांची - हावड़ा - रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रांची ।** ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ तथा कोलकाता एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों में आयोजित पश्चिम बंगाल सिविल सेवा परीक्षा को देखते हुए, यात्रियों एवं परीक्षार्थियों की सुविधा हेतु ट्रेन संख्या 08616/08615 रांची - हावड़ा - रांची परीक्षा स्पेशल के परिचालन का निर्णय लिया गया है।ट्रेन संख्या 08616 रांची - हावड़ा परीक्षा स्पेशल, यात्रा प्रारम्भ दिनांक 13/06/2026 को रांची से प्रस्थान करेगी ।इस ट्रेन का रांची प्रस्थान 21:30 बजे, मूरी आगमन 22:50 बजे प्रस्थान 22:52 बजे, झालिदा आगमन 23:17 बजे प्रस्थान 23:19 बजे।

## भारत आदिवासी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल से मुलाकात



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को भारत आदिवासी पार्टी के पश्चिमी सिंहभूम जिला अध्यक्ष सुशील बाड़ला के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने रांची स्थित लोक भवन में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाते हुए राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा और आवश्यक हस्तक्षेप की मांग की।शिष्टमंडल ने पश्चिमी सिंहभूम जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी), चाईबासा के कार्यों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए उपलब्ध कराई गई बड़ी राशि के बावजूद स्थानीय लोगों को योजनाओं का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की उच्चस्तरीय जांच झारखंड उच्च न्यायालय की निगरानी में कराने की पहल करने का अनुरोध किया।ज्ञापन में कहा गया है कि संविधान की पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित और खनिज संपदा से समृद्ध पश्चिमी सिंहभूम जिले में डीएमएफटी के पास पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध हैं। इसके बावजूद कई खनन प्रभावित क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सकी है।प्रतिनिधिमंडल ने मनोहरपुर प्रखंड के राजस्व ग्राम लाइलोर में स्थापित जलापूर्ति योजना का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से नौ गांवों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना था। हालांकि पाइपलाइन निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण ग्रामीण आज भी दूषित जल के उपयोग को मजबूर हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की आशंका बनी हुई है।शिष्टमंडल ने सारंडा वन क्षेत्र में वर्ष 2005 से पूर्व से निवास कर रहे लोगों के अधिकारों का मुद्दा भी उठाया। ज्ञापन में मांग की गई कि पात्र लोगों को वनाधिकार अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुरूप वनाधिकार पट्टा प्रदान किया जाए। साथ ही उन्हें संविधान प्रदत्त मूलभूत सुविधाएं और विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा, छात्रवृत्ति भुगतान दिसंबर से पहले करने का दिया निर्देश



**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने शुक्रवार को विभिन्न विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन की गति और प्रभावशीलता को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।समीक्षा के दौरान मंत्री ने छात्रवृत्ति योजना पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान दिसंबर माह से पूर्व हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही छात्रवृत्ति वितरण को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए एक प्रभावी मैकेनिज्म विकसित करने का भी निर्देश दिया ।बैठक में आदिवासी कल्याण आयुक्त ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ई-कल्याण पोर्टल 15 मई से ही खोल दिया गया है, जिससे आवेदन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है।साइकिल वितरण योजना की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिया कि छात्र-छात्राओं के ड्रॉपआउट को कम करने के उद्देश्य से निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध कम से कम 50 प्रतिशत साइकिलों का वितरण अगले एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाए।वहीं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा की ।

## झारखंड में मानसून की दस्तक कभी भी संभव, 12 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं और मौसम विभाग के अनुसार राज्य में मानसून कभी भी दस्तक दे सकता है। विभाग ने संभावना जताई है कि अगले कुछ घंटों में दक्षिण-पश्चिम मानसून झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और बंगाल की खाड़ी के शेष हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। इस बीच मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 12 जिलों में बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की है। संभावित खराब मौसम को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की र तार से तेज हवा चलने के साथ आकाशीय बिजली गिरने और मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

## मंत्री इरफान अंसारी के बयान पर भाजपा नेत्री शेफ़ाली गुप्ता की तीखी प्रतिक्रिया



**रांची ।** झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी द्वारा भाजपा की महिला विधायकों को लेकर दिए गए बयान पर भाजपा नेत्री शेफ़ाली गुप्ता ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल महिला विधायकों का अपमान है, बल्कि महिलाओं की राजनीतिक समझ, स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता पर भी सवाल खड़ा करता है।शेफ़ाली गुप्ता ने कहा कि किसी राजनीतिक दल के सामूहिक निर्णय को महिला विधायकों के चरित्र और निजी भावनाओं से जोड़ना बेहद आपत्तिजनक और महिलाओं के सम्मान के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे मंत्री से ऐसी टिप्पणी की अपेक्षा नहीं की जा सकती।उन्होंने इरफान अंसारी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जिन परिमल नाथवानी जी को लेकर आज आरोप लगाए जा रहे हैं, उन्हें वर्ष 2008 में तत्कालीन झामुमो-कांग्रेस समर्थित सरकार ने एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में समर्थन दिया था। इतना ही नहीं, झामुमो ने अपने उम्मीदवार की कीमत पर भी उनका समर्थन किया था। वर्ष 2014 में भी उनके खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारा गया था, जो उनके योगदान और विकासोन्मुखी कार्यों के प्रति मौन समर्थन माना गया।भाजपा नेत्री ने कहा कि आज यदि विधायक झारखंड के विकास, उद्योग और राज्यहित को ध्यान में रखकर किसी उम्मीदवार का समर्थन करते हैं, तो उसे गलत अर्थ देना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं।

## सोनारडीह में अवैध उत्खनन के विरोध में ग्रामीणों ने उत्पादन किया ठप

**धनबाद।** अवैध उत्खनन के विरोध में ग्रामीणों ने शुक्रवार को बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 की ब्लॉक फोर कोलियरी का उत्पादन ठप कर दिया। ट्रांसपोर्टिंग भी रोक दी। ग्रामीणों का आरोप था कि मकोरीडीह 56 नंबर के निकट अवैध उत्खनन हो रहा है। इससे बस्ती में भू - धसान का खतरा है। अवैध उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की।प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि गोविंदपुर एरिया 3 के कोरीडीह 56 नंबर में धड़ल्ले से अवैध उत्खनन प्रशासन के संरक्षण में किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गुरुवार को बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा अवैध उत्खनन का मुहाना बंद करने का प्रयास किया गया लेकिन सोनारडीह पुलिस से सहयोग नहीं मिलनेन के कारण मुहाना बंद नहीं कराया जा सका। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अवैध उत्खनन करने वाले लोग पानी की पाइप भरे तोड़ दी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध उत्खनन करने वाले दया निधि सिंह, बबलू सिंह, निकेश सिंह, बिट्टू सिंह आदि अवैध उत्खनन का विरोध करने पर ग्रामीणों के साथ मारपीट करते हैं। सोनारडीह ओपी प्रभारी ने बताया कि कल बरोरा में रोड जाम के कारण बल उपलब्ध नहीं कराया गया। सहयोग नहीं करने की बात बेबुनियाद है। अवैध उत्खनन किसी भी कीमत पर चलने नहीं दिया जाएगा। इधर आज फिर ग्रामीणों ने परियोजना पदाधिकारी ब्लॉक 4 को एक पत्र लिखकर अवैध उत्खनन रोकने की अपील की है।प्रदर्शन करने वालों में पिंटू महतो, सुभाष महतो, गोपाल महतो, हरि महतो, गुड्डू महतो, निरंजन महतो, राजू महतो, कैलाश महतो आदि शामिल है।

# मतदाता सूची में प्रत्येक नागरिक का नाम सुनिश्चित करना लोकतंत्र को मजबूत बनाना हैः इरफान अंसारी

संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जामताड़ा में कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट) प्रशिक्षण शिविर में स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की निगरानी और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया। मंत्री आवास में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



अपने संबोधन में डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सुनिश्चित करना लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने तथा किसी भी योग्य मतदाता का नाम सूची से न हटने देने की अपील की। उन्होंने आरोप लगाया कि कमजोर और वंचित वर्गों के मताधिकार को प्रभावित करने की कोशिशों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है।कार्यक्रम में पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने भी भाजपा पर निशाना साधते हुए मतदाता अधिकारों की रक्षा का मुद्दा उठाया। वहीं जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा और कार्यकारी जिला अध्यक्ष विजय दुबे ने संगठन विस्तार एवं बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया।प्रशिक्षण के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण, नाम जोड़ने-सुधारने और बूथ प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## गोड्डा में बनेगा बैंबू थीम पार्क, पर्यटन और पर्यावरण संरक्षण को मिलेगा नया आयाम



**गोड्डा।** जिले में पर्यटन विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू हुई है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा और प्रभागीय वन पदाधिकारी पवन बाघ ने गोड्डा कॉलेज के समीप स्थित वन क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कर प्रस्तावित बैंबू थीम आधारित पार्क निर्माण के लिए स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पार्क के लिए उपलब्ध भूमि, पहुंच मार्ग, सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा आगंतुकों के लिए आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन किया। साथ ही पार्क तक सुगम आवागमन, बाउंड्री वॉल निर्माण, हरित क्षेत्र विकास एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैंबू पार्क को आधुनिक, आकर्षक और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रजातियों के बांस के पौधों का वैज्ञानिक तरीके से रोपण कर प्राकृतिक सौंदर्य को संरक्षित रखते हुए आकर्षक लैंडस्केपिंग विकसित की जाए। उन्होंने पार्क में बैठने की व्यवस्था, बच्चों के लिए मनोरंजन क्षेत्र, आकर्षक प्रवेश द्वार, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय और कचरा प्रबंधन जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही पर्यावरण एवं जैव विविधता से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सूचना पट्ट और जागरूकता केंद्र विकसित करने का सुझाव भी दिया।उपायुक्त ने कहा कि यह परियोजना जिले की हरित पहचान को मजबूत करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन में अहम भूमिका निभाएगी।

## महागामा एसडीपीओ ने की अपराध समीक्षा बैठक

**महागामा, प्रतिनिधि।** महागामा अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एसडीपीओ वरुण रजक ने की। पदभार ग्रहण करने के बाद आयोजित अपनी पहली समीक्षा बैठक में उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण के लिए सख्त एवं स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में ठाकुरगंगटी, बोआरीजोर, ललमटिया, मेहरमा, हनवारा एवं महागामा थाना के प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान क्षेत्र में घटित आपराधिक घटनाओं, लंबित कांडों, वारंट निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।एसडीपीओ वरुण रजक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी थाना क्षेत्र में अपराध एवं अवैध गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित वारंटों के शत-प्रतिशत निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में रात्रि गश्ती को और प्रभावी बनाने, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस निगरानी बढ़ाने तथा साइबर अपराध, अवैध शराब, जुआ एवं अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की रणनीति पर भी चर्चा हुई। साथ ही पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।एसडीपीओ ने कहा कि आम जनता को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है।

## बसंतराय में शराब तस्कर गिरफ्तार

**गोड्डा संवाददाता ।** बसंतराय थाना क्षेत्र में ग्रामीणों की सतर्कता से अवैध शराब तस्करी के एक मामले का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार 11 जून 2026 की रात करीब 8 से 9 बजे के बीच सूचना मिली कि कोरियाना पुल के पास ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ पकड़ रखा है। सूचना मिलते ही संध्या गश्ती दल मौके पर पहुंचा और मामले की जांच की।पकड़े गए व्यक्ति ने पूछताछ में अपना नाम कमल कुमार दास (23 वर्ष), पिता स्वर्गीय भूषण दास, निवासी सैनोगंटी, थाना गौराडीह, जिला भागलपुर बताया। पूछताछ के दौरान उसने अपने चार अन्य साथियों के नाम भी पुलिस को बताए। ग्रामीणों द्वारा पकड़ी गई शराब के संबंध में वैध कागजात की मांग की गई, लेकिन कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका।इसके बाद पुलिस ने मौके से अवैध शराब, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन जब्त कर विधिवत थाना लाया। पुलिस ने काला-लाल रंग की टीवीएस मोटरसाइकिल तथा रॉयल झारखंड ब्रांड की 300 मिलीलीटर की कुल 45 बोतल अवैध शराब जब्त की है।


## जामताड़ा ने जनगणना में रचा कीर्तिमान

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले ने भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना (एचएलओ) का कार्य निर्धारित समय से पहले शत-प्रतिशत पूरा कर लिया है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जनगणना कार्य निदेशालय, झारखंड के निदेशक ने उपायुक्त सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी आलोक कुमार को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।सीएमएमएस पोर्टल पर 12 जून 2026 तक दर्ज प्रगति के अनुसार जामताड़ा जिला राज्य के उन अग्रणी जिलों में शामिल हो गया है, जहां प्रथम चरण का कार्य पूरी सफलता के साथ संपन्न हुआ। निदेशालय ने इसके लिए उपायुक्त के प्रभावी नेतृत्व, सुदृढ़ योजना और सतत निगरानी की सराहना की है। वहीं उपायुक्त आलोक कुमार ने इस उपलब्धि का श्रेय वरीय पदाधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, प्रगणकों, तकनीकी सहायकों तथा पूरी जनगणना टीम को देते हुए सभी को बधाई दी।इधर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की प्रस्तावित बैठक को देखते हुए 13 जून (शनिवार) को पंचायतों में चलने वाला योजनाओं का नियमित जांच अभियान स्थगित कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान 20 जून से पूर्ववत संचालित होगा तथा संबंधित अधिकारी सुविधानुसार अन्य तिथि में जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएंगे।

## दो बाइक दुर्घटनाओं में तीन युवक घायल

**जामताड़ा।**जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली दुर्घटना दोपहर करीब 12ञ्30 बजे महतोडीह गांव के समीप हुई। जानकारी के अनुसार कोरीडीह-वन निवासी जाहिर अंसारी नई बाइक लेकर हीरो शोरूम से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान महतोडीह के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नारायणपुर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया।वहीं दूसरी घटना दोपहर करीब एक बजे शिवपुर के पास हुई। कुरता गांव निवासी बिनोद पंडित और रोहित पंडित बाइक से नारायणपुर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक से गिरने के कारण दोनों घायल हो गए। दोनों को सीएचसी नारायणपुर में प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए धनबाद रेफर किया गया। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से क्षेत्रवासियों में चिंता बढ़ गई है।

## जलसहिया संघ ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



**कुंडहित (जामताड़ा)।** जलसहियाओं ने मंईया सम्मान योजना से अपना नाम हटाने की आशंकाओं को लेकर शुक्रवार को कुंडहित पुरातन प्रखंड परिसर में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा जलसहिया को सरकार द्वारा महिना में 2000 हजार राशी उपलब्ध कराया जाता है। लेकिन यह राशि जलसहिया को समय पर नही मिलता है। आठ दस महिने के बाद तीन चार महिना का राशी उपलब्ध कराया जातख है। उस पैसा से ना तो परिवार की भरण पोषण होती है और ना ही बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता होती है । जल संघ ने कहा जब से हेमंत सरकार ने महिलाओं की आर्थिक सहायता हेतु मंईया सम्मान योजना से 2500 रुपए महीने देना शुरू किया। तब से हम महिलाओं को मंईया सम्मान योजना की राशि से परिवार में हाथ बाटने का मौका मिला था। लेकिन वर्तमान में जलसहिया के नाम मंईया सम्मान योजना की लाभ से वंचित करनी की बात आई है तब से हम जलसहिया के सामने मुश्किल शुरू हो गया है। बैठक के बाद उपस्थित जलसहिया संघ ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा । उन्होंने मांग की है कि जलसहियाओं का नाम पूर्व की भांति योजना की लाभार्थी सूची में यथावत रखा जाए। ताकि उन्हें मिलने वाली वित्तीय सहायता बाधित न हो।

## 28 से 30 जून तक चलेगा पल्स पोलियो अभियान

**बरहरवा।** आगामी राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान एनआईडी-2026 को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहरवा के सभागार में सेक्टर-1 से 5 तक की आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया. प्रशिक्षण के दौरान अभियान के सफल संचालन, बच्चों की पहचान, घर-घर सर्वेक्षण एवं पोलियोरोधी दवा पिलाने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई.प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. नवल किशोर सिंह ने बताया कि बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में 28 जून से 30 जून 2026 तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जाएगा. अभियान के तहत जन्म से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियोरोधी दवा की खुराक दी जाएगी.

## आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहियाओं ने जनजागरूकता अभियान चलाने की ली शपथ



**बरहरवा।** राज्यव्यापी नशामुक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल मुख्यालय बरहरवा में आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहियाओं को नशा उन्मूलन की शपथ दिलाई गई. कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त वातावरण के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था.इस अवसर पर सुपरवाइजर भारती कुमारी ने उपस्थित सेविकाओं एवं सहियाओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है. जो व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार और पूरे समाज को प्रभावित करता है. उन्होंने सभी से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया.

## रसोइया-संयोजिकाओं का हुंकारः सम्मानजनक मानदेय और अधिकार दो, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन



**जामताड़ा।** झारखंड राज्य रसोईया संयोजिका यूनियन जिला कमेटी, जामताड़ा के बैनर तले शुक्रवार को जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकिमा बीबी ने तथा संचालन कार्यकारी अध्यक्ष मोहन मंडल ने किया। धरना में शामिल रसोइया-संयोजिकाओं ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की।सभा को संबोधित करते हुए सीटू नेता चंडी दास पुरी ने कहा कि मध्याह्न भोजन योजना की रीढ़ मानी जाने वाली रसोइयों को मात्र 2000 रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है, जबकि संयोजिकाओं के लिए मानदेय का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार द्वारा घोषित मानदेय वृद्धि को भी नियमित रूप से लागू नहीं किया गया। पुरी ने आकस्मिक अवकाश, प्रसूति अवकाश, सुरक्षा किट, पांच लाख रुपये बीमा, स्थायीकरण अथवा 26 हजार रुपये मासिक मानदेय सहित अन्य मांगों को जायज बताया।राज्य नेता लखनलाल मंडल ने कहा कि सरकार और प्रशासन रसोइया-संयोजिकाओं की समस्याओं के प्रति उदासीन हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों की अनदेखी जारी रही तो व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। मोहन मंडल ने भी संगठन को मजबूत करते हुए संघर्ष के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

## आधार कैंप और रोजगार मेले से युवाओं और बच्चों को मिला लाभ

**जामताड़ा।** जिला प्रशासन की पहल पर जिले में एक ओर जहां छोटे बच्चों के आधार पंजीकरण और आधार अद्यतन की प्रक्रिया को गति दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विशेष भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार के निर्देशानुसार जिले के सभी छह प्रखंडों की 118 पंचायतों एवं दोनों नगर निकायों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार नामांकन, नाम, पता, उम्र और मोबाइल नंबर अद्यतन के लिए पंचायतवार विशेष कैंप संचालित किए जा रहे हैं। 13 जून को जिले के विभिन्न पंचायत भवनों और निर्धारित स्थलों पर यह अभियान जारी रहेगा।इधर जिला नियोजनालय परिसर में आयोजित एक दिवसीय भर्ती कैंप में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला नियोजन पदाधिकारी प्रशांत टुडू ने बताया कि रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस कैंप में बिरसा सिक्योरिटी दुमका, चैंपियन सिक्योरिटी वर्धमान और कमांडो सिक्योरिटी फोर्स हजारीबाग ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के बाद 9 युवाओं को रोजगार के लिए चयनित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**फतेहपुर (जामताड़ा)।** शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर फतेहपुर प्रखंड के फतेहपुर पंचायत में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को बाल श्रम के दुष्परिणामों एवं इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में पंचायत भवन परिसर में ग्रामीणों ने बाल श्रम न कराने की शपथ ली। पूर्व मुखिया विभीषण हेंब्रम ने कहा कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, हथौड़ा-फावड़ा नहीं। बच्चों का भविष्य स्कूल में है, खेत-खलिहान या ईंट-भट्ठों में नहीं। समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह बाल श्रम को रोके। वनवासी विकास आश्रम के सामुदायिक कार्यकर्ता जयप्रकाश मंडल ने बाल श्रम निषेध कानून की जानकारी देते हुए बताया कि बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम 2016 के तहत 14 साल से कम उम्र के किसी भी बच्चे से खतरनाक कार्यों में श्रम करवाना पूरी तरह गैरकानूनी है। अगर कोई व्यक्ति बाल श्रम करवाते हुए पकड़ा जाता है तो उसे बीस हजार से पचास हजार रुपये तक का जुर्माना या छ्ः महीने से दो साल तक की जेल या दोनों सजा हो सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने बच्चों को स्कूल भेजें और आसपास बाल श्रम की घटना दिखे तो तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या नजदीकी थाना में सूचना दें।

## गोड्डा में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर पुलिस सक्रिय



**गोड्डा ।** पुलिस कप्तान के आदेशानुसार शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने गुरुवार को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय पर उपस्थित रहने, यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने तथा जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कारगिल चौक सहित शहर के विभिन्न चौक-चौराहों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, अवैध पार्किंग करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा सड़क पर यातायात बाधित करने वाले वाहनों को हटाने के निर्देश दिए।थाना प्रभारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था बनाए रखने में आम लोगों की सहभागिता भी आवश्यक है। इसके लिए पुलिसकर्मियों को लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने को कहा गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी के दौरान सभी पुलिसकर्मी आमजनों के साथ विनम्र एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें, ताकि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके।

## भाकपा माले कुंडहित में दिया धरना-प्रदर्शन राज्यपाल के नाम 11 सूत्री मांग पत्र बीडीओ को सौंपा



**कुंडहित (जामताड़ा)।** शुक्रवार को कुंडहित प्रखंड परिसर में सीपीआई (एमएल) लिबरेशन एवं झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले प्रखंड सचिव सोमलाल मिर्धा के अध्यक्षता में 11 सूत्री मांगों को लेकर कुंडहित प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम एक 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा। धरना प्रदर्शन कुंडहित पुरातन बैंक मोड़ से शुरू होकर कुंडहित बाजार,बारमेशिया मोड़ आदि प्रतिक्रमण कर प्रखंड परिसर में पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गया। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। मांग पत्र में किसानों को फसल बीमा, बीज, खाद, कृषि यंत्र, कीटनाशक दवाएं तथा सिंचाई की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही वृद्धावस्था पेंशन की राशि बढ़ाकर 4000 रुपये प्रतिमाह करने, अबुआ आवास योजना में वंचित लोगों को शामिल करने तथा भूमिहीन परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई।

## पीएम आवास योजना की राशि दूसरे खाते में


**संताल एक्सप्रेस /जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। मनरेगा में कथित वित्तीय अनियमितताओं के बाद अब प्रधानमंत्री आवास योजना में गंभीर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। आरोप है कि लाभुक के लिए स्वीकृत राशि किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते में हस्तांतरित हो गई, लेकिन शिकायत के दो सप्ताह बाद भी प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।मामला कास्ता पंचायत के परिहारपुर गांव का है। यहां के निवासी कालू मंडल को वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था।

## जामताड़ा में शिक्षकों को सौंपी गई जागरूकता की जिम्मेदारी



**जामताड़ा।** जामताड़ा के एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार में शुक्रवार को निषिद्ध मादक पदार्थों की रोकथाम एवं जागरूकता को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त आलोक कुमार एवं अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त आलोक कुमार ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को केवल पाठ्य ज्ञान तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें नशे और अन्य बुरी आदतों से बचाकर जिम्मेदार नागरिक बनाने में भी सक्रिय भूमिका निभाएं।

## कुंडहित में मिला साही नामक दुर्लभ जंगली जानवर, लोगों में कौतूहल



**कुंडहित (जामताड़ा)।** कुंडहित भागवत झा आजाद महाविद्यालय परिसर में बंद शौचालय चेम्बर में शुक्रवार की सुबह साही नामक जंगली जानवर मिलने से क्षेत्र में कौतूहल देखा गया। साही को अंग्रेजी में (पोर्क्यूपाइन) बंगला (सुजारु) कहते हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कुंडहित वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन विभाग के टीम पहुंची और साही नामक जंगली जानवर को कब्जे में लेकर रेस्क्यू शुरू किया । काफी प्रयास के बाबजूद उसे पड़ने में अक्षम रहा। इतने में केटल गार्ड बीरु सिंह ने साहसी दिखाते हुए साही वन्य जीव को पकड़ कर पिंजरे में डाला। टीम ने साही वन्य जीव को वन विभाग के कार्यालय लेकर कर आए। वन रक्षी दुर्गा सोरेन ने बताया की यह जानवर जंगली क्षेत्र तथा पहाड़ों के घने जंगलों में पाया जाता है। इसके शरीर के चारों तरफ सुई नुमे कांटे हैं । यह कांटे काफी खतरनाक होता है। आस पास के क्षेत्र से लोगों की भीड़ इस जानवर देखने उमड़ पड़ी। उन्होंने बताया कि साही नामक दुर्लभ जानवर बंद शौचालय चेम्बर से रेस्क्यू कर वन कार्यालय लाया गया । बाद में उसे जंगल में छोड दिया गया। दस साल पहले लौहाट बंद कुआ में मिला था। ग्रामीणों ने बताया साल पहले लौहाट जंगल से सेट बंद कुआं में एक साही जंगली जानवर मिला था। इससे पता चल रहा है इसी क्षेत्र में यह दुर्लभ जंगली जीव और भी है।

## न्यायालयों में लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता : डीसी

**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन पर चर्चा की गई। बैठक में स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी के अंतर्गत लंबित कुल 87 मामलों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही झारखंड उच्च न्यायालय, रांची में शपथ-पत्र दाखिल किए जाने से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों से जुड़े उच्च न्यायालय में लंबित वादों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई। तथ्य विवरणी तैयार करने के लिए शासकीय अधिवक्ता एवं अपर शासकीय अधिवक्ता स्तर पर लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि न्यायालयों में लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि आवश्यक अभिलेख, तथ्य विवरणी और शपथ-पत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराएं, ताकि न्यायालयीन प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार, अपर समाहर्ता इंदर कुमार, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, लोक अभियोजक, अभियोजन पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली



**गोड्डा ।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गोड्डा में बाल श्रम के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ पुराने समाहरणालय परिसर से हुआ, जहां उप विकास आयुक्त (डीडीसी) ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर श्रम अधीक्षक बब्बन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा (एसडीओ) वैद्यनाथ उरांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। रैली में शामिल लोगों ने हाथों में बाल श्रम निषेध से संबंधित तख्तियां एवं बैनर लेकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इस दौरान ÷बाल श्रम बंद करो÷, ÷हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार÷, ÷बच्चों से काम नहीं, पढ़ाई कराएं÷ जैसे नारों के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया गया। रैली का उद्देश्य समाज में यह संदेश पहुंचाना था कि बच्चों का स्थान विद्यालय में है, कार्यस्थल पर नहीं। इस अवसर पर डीडीसी ने कहा कि बाल श्रम एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और शैक्षणिक विकास में बाधा उत्पन्न करती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बाल श्रम को रोकने के लिए कई कानून बनाए गए हैं।

## जामताड़ा में किसान ने उगाया दुनिया का सबसे महंगा मियाजाकी आम

**जामताड़ा।** झारखंड का जामताड़ा जिला एक बार फिर अपनी अनोखी कृषि उपलब्धि को लेकर चर्चा में है। कुंडहित प्रखंड के अंबा गांव के दो प्रगतिशील किसान भाई, अरिंदम चक्रवर्ती और अनिमेष चक्रवर्ती ने जापान की प्रसिद्ध और अत्यंत दुर्लभ मियाजाकी आम की सफल खेती कर नई मिसाल पेश की है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल जिले बल्कि पूरे राज्य का मान बढ़ाया है।मियाजाकी आम अपनी आकर्षक गहरे लाल रंग, बेहतरीन स्वाद और उच्च पोषण गुणों के कारण दुनिया के सबसे महंगे फलों में गिना जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लाखों रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है, इसलिए इसे 'रेड डायमंड' और 'लाल सोना' के नाम से भी जाना जाता है।किसान भाइयों ने बताया कि उन्होंने मियाजाकी आम के पौधे सीधे जापान से मंगवाए थे। एक पौधे की कीमत करीब ढाई लाख रुपये पड़ी। जोखिम उठाते हुए उन्होंने अपने बागान में कुल आठ पौधे लगाए। वर्षों की देखभाल और जैविक खेती की पद्धति अपनाने के बाद इस वर्ष पहली बार 10 से 12 फलों का उत्पादन प्राप्त हुआ है।इस सफलता पर स्थानीय विधायक एवं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने दोनों किसानों को बधाई देते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचार के माध्यम से किसान वैश्विक स्तर पर पहचान बना सकते हैं। उन्होंने अन्य किसानों को भी उन्नत खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता शिविर



**जामताड़ा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) जामताड़ा द्वारा जेबीसी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, शिक्षा के महत्व और बाल श्रम से जुड़े कानूनों की जानकारी देना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य एबीमाइल टुडू ने की।डीएलएसए के सचिव पवन कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल श्रम बच्चों के भविष्य और उनके मौलिक अधिकारों पर सीधा प्रहार है। उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता, बाल संरक्षण कानूनों तथा डीएलएसए हेल्पलाइन 15100 की जानकारी देते हुए किसी भी प्रकार के बाल शोषण की सूचना संबंधित विभागों तक पहुंचाने की अपील की।

## आवास योजनाओं को लेकर समीक्षा

**नाला (जामताड़ा)।** शुक्रवार को नाला प्रखंड सभागार में विभिन्न आवास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर बीडीओ के निर्देश पर प्रखंड समन्वयक रूहुल कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने वर्ष 2023- 24 तथा 2024- 25 का अबुआ आवास तथा वर्ष 2024- 25 का पीएम आवास की प्रगति समीक्षा की ।बैठक के दौरान प्रखंड समन्वयक ने सभी पंचायत सचिवों, स्वयंसेवकों एवं कनीय अभियंताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने पर जोर दिया।बैठक के दौरान उन्होंने अबूआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा कीइस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि लाभुकों को समय पर भुगतान, निर्माण गुणवत्ता तथा जियो-टैगिंग कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही ना करें। जानकारी के अनुसार अबुआ आवास कूल 3723 स्वीकृत है जिसमें 876 पूर्ण पाया गया वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कुल 2684 स्वीकृत है जिसमें 518 पूर्ण हो चुकी है । उन्होंने लंबित सभी आवासों को अति शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने प्रथम किस्त द्वितीय किस्त की बारीकी से प्रगति चंद्र की।

## पशु सखियों को दिया गया प्रशिक्षण पशु रोगों की रोकथाम पर जोर

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** नाला प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय के सभागार में जेएसएलपीएस एवं पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पशु सखियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य संभावित सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए पशुओं में होने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं पशुपालकों तक आवश्यक जानकारी पहुंचाना था।प्रशिक्षण के दौरान भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मुकेश कुमार ने पशु सखियों को पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षणों एवं उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बकरियों को कृमिनाशक दवा खिलाने तथा पशुओं का नियमित टीकाकरण कराने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण एवं उचित देखभाल से पशुओं को कई गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है।

## भारत-बांग्लादेश संबंधों में बढ़ता अविश्वास

भारत और बांग्लादेश के संबंध दक्षिण एशिया की कूटनीति में विशेष महत्व रखते हैं। वर्ष 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के समय भारत ने जिस प्रकार राजनीतिक, सैन्य और मानवीय सहयोग प्रदान किया, उसने दोनों देशों के बीच मैत्री और विश्वास की मजबूत नींव रखी। पिछले पाँच दशकों में व्यापार, सुरक्षा, ऊर्जा, संपर्क, जल संसाधन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। भारत की ÷पड़ोसी प्रथम÷ नीति तथा बांग्लादेश की विकासोन्मुख विदेश नीति ने भी संबंधों को नई ऊँचाइयाँ प्रदान की हैं। इसके बावजूद हाल के वर्षों में दोनों देशों के संबंधों में तनाव और अविश्वास के संकेत दिखाई दिए हैं। यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि पड़ोसी देशों के साथ संबंध केवल रणनीतिक हितों से संचालित नहीं होते, बल्कि उनमें संवेदनशीलताओं, जनभावनाओं और पारस्परिक सम्मान का भी महत्वपूर्ण स्थान होता है।भारत और बांग्लादेश लगभग 4,096 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं, जो भारत की किसी भी पड़ोसी देश के साथ सबसे लंबी स्थलीय सीमा है। दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक, भाषाई और ऐतिहासिक संबंध मौजूद हैं। पिछले एक दशक में भूमि सीमा समझौता, सीमा प्रबंधन, आतंकवाद विरोधी सहयोग, ऊर्जा व्यापार तथा क्षेत्रीय संपर्क परियोजनाओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई है। बांग्लादेश आज भारत का एक प्रमुख व्यापारिक साझेदार है और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को मुख्य भूमि से जोड़ने में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए दोनों देशों के बीच विश्वास और सहयोग केवल द्विपक्षीय नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया की स्थिरता और समृद्धि के लिए आवश्यक है।हाल के समय में बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति में हुए बदलावों ने द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित किया है। सत्ता परिवर्तन, राजनीतिक अस्थिरता और विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण भारत की भूमिका को लेकर अलग-अलग धारणाएँ विकसित हुई हैं। बांग्लादेश के कुछ राजनीतिक समूहों में यह धारणा बनी कि भारत किसी विशेष राजनीतिक शक्ति के प्रति अधिक सहानुभूति रखता है, जबकि भारत अपनी ओर से स्थिरता और विकास को प्राथमिकता देने की बात करता रहा है। इस प्रकार की धारणाएँ चाहे तथ्यात्मक रूप से सही हों या नहीं, वे विश्वास के वातावरण को प्रभावित करती हैं और संबंधों में मनोवैज्ञानिक दूरी उत्पन्न करती हैं।तीस्ता नदी के जल बँटवारे का मुद्दा लंबे समय से दोनों देशों के बीच एक प्रमुख विवाद का विषय बना हुआ है। बांग्लादेश के लिए तीस्ता नदी का जल कृषि और आजीविका की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। कई वर्षों से प्रस्तावित समझौता विभिन्न कारणों से लंबित है, जिससे बांग्लादेश में यह भावना विकसित हुई है कि उसकी चिंताओं को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिल रही। भारत की संघीय व्यवस्था में राज्यों की भूमिका भी इस विषय को जटिल बनाती है, लेकिन समाधान में देरी ने अविश्वास को बढ़ावा दिया है। जल संसाधनों के न्यायसंगत और टिकाऊ प्रबंधन के बिना दीर्घकालिक विश्वास निर्माण कठिन प्रतीत होता है। सीमा संबंधी मुद्दे भी संबंधों में तनाव का कारण बने हैं। तस्करी, अवैध आव्रजन और सीमा सुरक्षा की चुनौतियों के कारण कई बार सीमा पर अप्रिय घटनाएँ हुई हैं। नागरिक हताहतों की घटनाओं ने बांग्लादेश में व्यापक प्रतिक्रिया उत्पन्न की है और भारत की छवि पर भी प्रभाव डाला है। यद्यपि दोनों देशों की सीमा सुरक्षा एजेंसियाँ समन्वय बढ़ाने के प्रयास कर रही हैं, फिर भी ऐसी घटनाएँ आम लोगों के मन में नकारात्मक भावनाएँ पैदा करती हैं। पड़ोसी देशों के बीच सीमा केवल सुरक्षा का विषय नहीं होती, बल्कि मानवीय और सामाजिक संबंधों से भी जुड़ी होती है।

# मोदी सरकार के 12 साल: भरोसे के हकीकत में बदलने का दौर

-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



यदि मॉर्निंग कंसल्ट की मानें तो स्वीकार्यता के मामले में कोई भी वैश्विक नेता नरेन्द्र मोदी के आसपास भी नहीं टिकता। विपक्षी पार्टियों द्वारा लगातार देश और विदेश में अभियान चलाने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वीकार्यता के मामले में दूसरे वैश्विक नेताओं से बहुत आगे हैं। 68 प्रतिशत स्वीकार्यता नरेन्द्र मोदी की है जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की स्वीकार्यता लगातार नेगेटिव जा रही है। फालोवर्स के मामले में भी नरेन्द्र मोदी सबसे आगे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह स्वीकार्यता निश्चित रुप से भारत ही नहीं दुनिया के अन्य देशों में भी उनकी लोकप्रियता और सर्वमान्यता को दर्शाती है। नरेन्द्र मोदी सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। इस दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे साहसिक निर्णय किये गये हैं जिनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। माना तो यही जाता था कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35 ए हटाना, राममंदिर का निर्माण, डिजिटल क्रांति, वैश्विक नेतृत्व, नोटबंदी, एक देश एक कर, घर-घर शोचालय, घर-घर कचरा संग्रहण, रक्षा उपकरणों का निर्यात, किसान सम्मान, मेक इन इंडिया, इंडिया फर्स्ट, बड़ी अर्थव्यवस्था, तेजी से ढांचागत विकास, डिजिटल भुगतान, नक्सलवाद का खात्मा, आत्मनिर्भर भारत, परिवहन क्षेत्र में ढांचागत बदलाव आदि समय-समय पर की जाने वाली घोषणाएं केवल चुनाव जीतने के जुमले हैं पर लगभग असंभव माने जाने वाले यह काम आज धरातल पर उतरना सबसे बड़ी उपलब्धि है। कश्मीर से अनुच्छेद 370 और 35 ए की समाप्ति हो चुकी है। दुनिया के किसी देश ने खुलकर इसका विरोध करने की हिम्मत नहीं दिखाई। बाबरी मस्जिद के स्थान पर राममंदिर का निर्माण हो चुका है तो तीन तलाक, सीएए, यूसीसी और यहां तक कि सर्जिकल स्ट्राइक के बाद ऑपरेशन सिन्दूर तक पर दुनिया के किसी देश की भारत के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने की हिम्मत नहीं हो पाई। आज अर्थव्यवस्था में जिस तेजी से बदलाव आया है और चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की और तेजी से कदम बढ़ चुके हैं। जनधन योजना के समय जिस तरह से आलोचना का दौर चला था आज भुगतान में डिजिटलीकरण में इसकी बड़ी भूमिका तय हो चुकी है। जो लगभग असंभव माना जा सकता था वह आज डिजिटल भुगतान के माध्यम से संभव हो पाया है और पांच रु. के टमाटर का भुगतान भी सब्जीवाले तक को यूपीआई से आसानी से होने लगा है।

सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजना के भुगतान, पेंशन, अनुदान आदि आज सीधे खातों में जाने लगे हैं। यह किसी दिवा स्वप्न से कम नहीं है। आईपीसी सीपीसी में बदलाव किया जा चुका है। तो जीएसटी में लाख कमियां गिनाने के बावजूद आज समूचा देश एक देश एक कर के छाते के नीचे आ चुका है। बुनियादी ढांचें में तेजी से बदलाव आया है। आज वंदे भारत और नमो भारत ट्रेन चलने लगी है तो 33 किमी प्रतिदिन हाईवे का निर्माण हो रहा है। एक्सप्रेस हाईवे से आवागमन आसान हुआ है। आयुष्मान योजना से 50 करोड़ लोगों को जोड़ा जा चुका है तो सस्ती जेनेरिक दवाओं की उपलब्धता का नेटवर्क विस्तारित किया गया है। आज 98 प्रतिशत घरों से घर घर कचरा संग्रहण होने लगा है तो अब घर-घर में शौचालय बन चुके हैं।कोरोना के दौरान हमारे प्रयासों को सारी दुनिया द्वारा सराहा गया यहां तक कि कोरोना के दौरान जीवन रक्षक की भूमिका में भारत ने भूमिका निभाई। किसानों की आय में बढ़ोतरी के ठोस प्रयास हुए हैं तो किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को उनका आत्मसम्मान उपलब्ध कराया गया है। एमएसपी व्यवस्था में सुधार हुए हैं तो खेती किसानी के क्षेत्र में बदलाव छाप दिखाई दे रहा है। मेक इन इंडिया और इंडिया फर्स्ट भी आज साकार होता दिखाई दे रहा है। आज हम रक्षा उपकरणों का निर्यात करने लगे हैं तो सहस्त्रबलों के आधुनिकीकरण और निर्णय की स्वतंत्रता का परिणाम है कि आज सेनाएं आत्मगौरव के साथ आगे बढ़ रही। आज देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

जहां तक कूटनीतिक स्तर पर सफलता की बात है तो भारत आज पिछलग्गू देशों में नहीं बल्कि दुनिया का नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लाख प्रयासों के बावजूद भारत के खिलाफ कुछ खास कर नहीं पा रहे हैं। पाकिस्तान के पक्ष में आज तुर्किए जैसे एकाध को छोड़कर कोई देश बोलने की स्थिति में नहीं है। मालदीव को नरेन्द्र मोदी के एक फोटो ट्वीट ने सबक सिखा दिया तो दूसरे देश भी भारत की ताकत को समझने लगे हैं। खैर, यह सब होते हुए भी नरेन्द्र मोदी सरकार के सामने अभी चुनौतियां कम नहीं हैं। रोजगार सृजन, प्रति व्यक्ति आय में अंतर, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, जल जीवन मिशन के बावजूद पेयजल की सहज उपलब्धता, खेती की बरसात पर निर्भरता, परिसीमन आदि ऐसे बहुत से मुद्दे हैं जिन पर ठोस काम किया जाना है। देश में जिस तरह से पेपर लीक होने के मामले सामने आये हैं इससे युवाओं में निराशा हुई है उसे दूर करने की चुनौती सामने हैं तो स्टार्ट अप और कौशल विकास के बावजूद बेरोजगारी की दर अभी भी चिंतनीय स्तर पर है। साइबर क्राइम और गेमिंग जैसी नई चुनौतियां तो सोशल मीडिया के दुरुपयोग और अत्यधिक उपयोग के साइड इफेक्ट आदि अनेक समस्याएं समाधान चाहती है। देश आज तेजी से एक देश एक चुनाव के धरातल पर उतरने का इंतजार कर रहा है। रिन्यूवल एनर्जी पर बहुत कुछ हासिल करने के बावजूद अमेरिका ईरान युद्ध के कारण जिस तरह से तेल और एलपीजी का संकट आया है इसका भी दीर्घकालीन समाधान खोजा जाना है।

समस्याएं अनवरत और नियमित प्रक्रिया है पर दीर्घकालीन योजनाओं से निपटा जा सकता है।

इस सबके बावजूद देशवासियों को नरेन्द्र मोदी के प्रति पूरा भरोसा है। यही कारण है कि विपक्ष की लाख आलोचनाओं के बावजूद नरेन्द्र मोदी की स्वीकार्यता और भरोसे व उनके आत्मविश्वास में किसी तरह की कमी नहीं आई है। हालांकि नरेन्द्र मोदी की अपार उपलब्धियों के बावजूद चुनौतियां भी अपार है और सबसे अच्छी बात यह कि देशवासियों का उनपर भरोसा भी पूरा है और वैश्विक स्वीकार्यता भी सबसे अधिक है।

## पाकुड़ की खबरें

## संताल परगना में पाकुड़ पुलिस का परचम, ड्यूटी मीट-2026 में बनी ओवरऑल चैंपियन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**पाकुड़। संथाल परगना क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2026 में पाकुड़ पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रमंडल में पहला स्थान हासिल किया है। साहेबगंज पुलिस केंद्र में आयोजित तीन दिवसीय प्रतियोगिता में पाकुड़ की टीम ने विभिन्न तकनीकी और व्यावसायिक स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ओवरऑल डिस्ट्रिक्ट चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।10 से 12 जून तक आयोजित इस प्रतियोगिता में संथाल परगना के छह जिलों–पाकुड़, साहेबगंज, दुमका, देवघर, गोड्डा और जामताड़ा की पुलिस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में फोरेंसिक साइंस, क्राइम इन्वेस्टिगेशन, मेडिको-लीगल, फिंगर प्रिंट, फोटोग्राफी, ऑब्जर्वेशन टेस्ट, पुलिस पोर्ट्रेट, कंप्यूटर अवेयरनेस तथा डॉग स्क्वाड समेत विभिन्न विषयों पर पुलिसकर्मियों की दक्षता का आकलन किया गया।पाकुड़ जिले के प्रतिभागियों ने कई प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुलिस निरीक्षक प्रयाग दास ने मेडिको-लीगल (ओरल) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा उन्होंने क्राइम इन्वेस्टिगेशन तथा लॉ एंड रूल्स एंड कोर्ट जजमेंट्स प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें व्यक्तिगत श्रेणी में ओवरऑल रेंज चैंपियन का द्वितीय स्थान भी मिला।वहीं आरक्षी राकेश कुमार सरकार ने ऑब्जर्वेशन टेस्ट में दूसरा और पुलिस पोर्ट्रेट प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कंप्यूटर अवेयरनेस प्रतियोगिता में पिंटू कुमार साहा ने प्रथम तथा तोपेश कुमार मंडल ने तृतीय स्थान हासिल किया। नागेंद्र कुमार ने मेडिको-लीगल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले की उपलब्धियों में योगदान दिया।पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह सफलता जिले के पुलिसकर्मियों की मेहनत, प्रशिक्षण और पेशेवर दक्षता का परिणाम है। प्रतियोगिता में मिली यह उपलब्धि आधुनिक पुलिसिंग, वैज्ञानिक अनुसंधान और अपराध अनुसंधान के क्षेत्र में पाकुड़ पुलिस की बढ़ती क्षमता को भी दर्शाती है।

## पल्स पोलियो अभियान की सफलता को लेकर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हिरणपुर (पाकुड़)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को आगामी पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से बीडीओ दिलीप टुडू एवं अंचलाधिकारी मनोज कुमार उपस्थित रहे।प्रशिक्षण के दौरान अभियान से जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहियाओं तथा अन्य संबंधित कर्मियों को पोलियो की खुराक पिलाने की प्रक्रिया, घर-घर सर्वेक्षण, छूटे हुए बच्चों की पहचान तथा अभियान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तृत जानकारी दी गई।अधिकारियों ने बताया कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान 28 से 30 जून तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रखंड के सभी बूथों के अलावा घर-घर जाकर पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो रोधी दवा की खुराक पिलाई जाएगी।प्रशिक्षण शिविर में अधिकारियों ने कहा कि पांच वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की खुराक दिलाना सभी संबंधित कर्मियों की जिम्मेदारी है। अभियान के दौरान कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे, इसके लिए सभी टीमों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया।साथ ही अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों को पोलियो की दो बूंद अवश्य पिलाएं तथा पोलियो मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करें। अधिकारियों ने कहा कि जनसहभागिता से ही इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

# झामुमो ने आयोजित किया विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला, मतदाता सूची सत्यापन पर दिया जोर




संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से शुक्रवार को स्थानीय रविंद्र भवन में एक दिवसीय विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजीजुल इस्लाम ने की। कार्यशाला में पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, राजमहल सांसद विजय हांसदा तथा लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में पहुंचे नेताओं का पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनाकर एवं पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। साथ ही अतिथियों को बुके और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने लोकतंत्र और संविधान की मजबूती में मतदाताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) अभियान के तहत कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में मतदाता सूची का सत्यापन करने, छूटे हुए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा त्रुटियों को दूर कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ संगठन की सफलता की आधारशिला है।केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा ने बीएलए-2 और पार्टी कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण, बूथ प्रबंधन, सदस्यता अभियान और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने संगठन विस्तार के साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर भी बल दिया।राजमहल सांसद विजय हांसदा ने कहा कि बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी की वास्तविक ताकत हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र में भ्रमण कर योग्य मतदाताओं की सहायता करने और उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए सक्रिय रहने की अपील की। वहीं विधायक हेमलाल मुर्मू ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी कार्यकर्ताओं और बीएलए-2 को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची सत्यापन एवं मतदाता मैपिंग कार्य में सहयोग करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, मतदाता सूची के शुद्धिकरण तथा आगामी चुनावी तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला, प्रखंड एवं विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और बीएलए-2 उपस्थित रहे।झामुमो नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष समद अली, हरिवंश चौबे, ,पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम यादव, जिला संगठन सचिव मुसलोदीन अंसारी, सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

## तेज रफ्तार कोयला लोड हाइवा सड़क किनारे पलटी, बड़ा हादसा टला



संताल एक्सप्रेस संवाददातामहेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाली आमड़ापाड़ा-पाकुड़ कोल माइंस सड़क पर शुक्रवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गोविंदपुर के पास कोयला लदा एक हाइवा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। घटना में चालक और उपचालक बाल-बाल बच गए तथा वाहन से निकलकर सुरक्षित स्थान पर चले गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोल माइंस क्षेत्र आमड़ापाड़ा से कोयला लोड कर एक हाइवा पाकुड़ साइडिंग की ओर जा रहा था। इसी दौरान गोविंदपुर के समीप चालक वाहन से संतुलन खो बैठा, जिससे हाइवा सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना के समय सड़क पर अधिक भीड़ नहीं होने के कारण बड़ा हादसा टल गया।घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने बताया कि कोयला ढुलाई में लगे अधिकांश भारी वाहन तेज गति से चलते हैं, जिससे सड़क पर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उनका कहना है कि कई बार भारी वाहनों की लापरवाही के कारण छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते और तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं। इससे आम लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से कोयला परिवहन में लगे वाहनों की नियमित जांच कराने तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों और वाहन मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर भारी वाहनों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## मतदाता सूची सत्यापन को लेकर कांग्रेस का जागरूकता अभियान

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ने चांदपुर पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान जिला कांग्रेस महासचिव अब्दुल बसिर शेख ने विभिन्न बूथों का दौरा कर मतदाता सूची का निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों को सूची में दर्ज नाम, उम्र और अन्य विवरणों की जांच करने की अपील की।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि मिलने पर उसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते सुधार किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।कांग्रेस नेताओं ने लोगों से मतदाता सूची सत्यापन में सक्रिय भागीदारी निभाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता ही सशक्त लोकतंत्र की बुनियाद है।

## किसानों को प्राकृतिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण




महेशपुर (पाकुड़)। प्रखंड के देवीनगर स्थित एसबीआई फाउंडेशन कार्यालय में शुक्रवार को खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. किरण मेरी कंडीर, राहुल भट्टाचार्य तथा प्रवाह संस्था के वरुण पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे। जागरूकता कार्यक्रम में खुरीडीह, लालचुंवा, पथरादहा एवं देवीनगर गांव के किसानों ने भाग लिया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने तथा खेती की लागत कम करने के उपायों की जानकारी दी।कृषि वैज्ञानिक डॉ. किरण मेरी कंडीर ने कहा कि अभियान का उद्देश्य किसानों को मृदा संरक्षण, संतुलित पोषण प्रबंधन और प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिससे उत्पादन क्षमता घटने के साथ किसानों की आय और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।उन्होंने किसानों से गोबर खाद, जैविक उर्वरकों और प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाने की अपील की। साथ ही ढैंचा को हरी खाद के रूप में उपयोग करने, 30 से 40 दिनों बाद उसकी जुताई करने तथा वर्षा की अनिश्चितता को देखते हुए कम अवधि वाली धान की किस्मों जैसे सीआर एवं आईआर-36 की खेती करने की सलाह दी।विशेषज्ञों ने कहा कि मिट्टी किसानों की सबसे बड़ी पूंजी है और उसकी सेहत को बनाए रखना भविष्य की खेती के लिए बेहद जरूरी है। अभियान के तहत गांव-गांव जाकर किसानों को मृदा परीक्षण और वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी जा रही है।

## एनजीटी की रोक के बावजूद बालू लदा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त, अवैध परिवहन पर उठे सवाल



संताल एक्सप्रेस पाकुड़। झारखंड में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा बालू खनन पर रोक लगाए जाने के बावजूद अवैध बालू उठाव और परिवहन के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के शहरघाटी मिशन के समीप देर रात बालू से लदा एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक में बालू लदा हुआ था और तेज रफ्तार के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद सड़क पर बालू बिखर गया और कुछ समय तक आवागमन प्रभावित रहा। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।घटना के बाद क्षेत्र में एक बार फिर एनजीटी की रोक के बावजूद जारी बालू परिवहन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय क्षेत्र में बालू लदे वाहनों की आवाजाही आम बात हो गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रतिबंध के बावजूद बालू का परिवहन जारी है, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।ग्रामीणों का कहना है कि यदि बालू खनन और परिवहन पर रोक लागू है, तो फिर इतनी बड़ी मात्रा में बालू लेकर वाहन सड़कों पर कैसे चल रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।सूचना मिलने पर अमड़ापाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही बालू के स्रोत, परिवहन से संबंधित दस्तावेजों और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।अब लोगों की नजर प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि ट्रक में लदा बालू कहां से लाया जा रहा था और परिवहन नियमों का पालन किया गया था या नहीं। वहीं यह घटना एनजीटी की रोक के बावजूद क्षेत्र में बालू के अवैध परिवहन को लेकर कई सवाल खड़े कर रही है।

**मालदा मंडल रेयाक् धमधमियाँ स्टेशन रे स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) कोवाक् बाहाली**

दारखास नेवता खोबोर (एनआईए)

**खोबोर सं. सीओएम/एसटीबीए/पॉलिसी/एम/पीटी.-। माहित: 10.06.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा होतेते **स्टेशन मॉस्टर/डेपुटी स्टेशन मॉस्टराक्** ताबे रे नित मेनाक् काउंटरको खोन कंप्युटरीकृत ''अनारक्षित टिकटिंग सिस्टम' (यूटीएस) दाराय अनारक्षित टिकटको जारीय लागित् पूर्व रेलवे, मालदा मंडल रेयाक् **धमधमियाँ** (एनएसजी-6 श्रेणी) स्टेशन रे पे बोछोर सोमोय लागित् स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एसटीबीए) बाछावको बाखरा लेकमान टोठाकिया **गिराबासी ठेन** खोन मुहरबंद दारखास साकाम नेवतायेत् काना। • **कामी रेयाक् बानाडाय आर पात्रता रेयाक् मानदंड:** बानाडाय दो एनआईए कागोच/प्रपत्र रे ओलाकान मेनाक्आ। • **एनआईए कागोच रेयाक् गोनोम आर बायना पायसा जामाय: (क) एनआईए कागोच रेयाक् गोनोम:** रु. 1,180/- (एनआईए कागोच रेयाक् गोनोम = रु. 1,000/-+18% जीएसटी) अप्रतिदेय। **(ख) बायना पायसा जामाय:** रु. 2,000/-। • **कार्यालय रेयाक् ठिकाना जाहां खोन दो एनआईए कागोच किरिञ दाड़ेयाक्आ:** चेतान रे ओलाकान एनआईए कागोच रेयाक् गोनोम (अप्रतिदेय) जामाय एवज रे आम आकान नकदी रसीद (एमआर) उदुग रे एनआईए कागोच दो वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा रेयाक् कार्यालय खोन **माहित 16.06.2026 खोन 14.06.2026 हाबिच् 11.00 बजे खोन 17.00 बजे हाबिच् आर माहित 15.07.2026 हिलोक् 14.00 बजे हाबिच्)** (कामीदिन हिलोक्) किरिञ दाड़ेयाक्आ: एनआईए कागोच पूर्व रेलवे रेयाक् वेबसाइट खोन हों डाउनलोड दाड़ेयाक्आ। एनआईए कागोच रेयाक् गोनोम (वेबसाइट खोन डाउनलोड रे) आर बायना पायसा जामाय (ईएमडी) रेयाक् पायसा आलाग ते''**एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता**'' पाहटा रे जाहांटाक् गे राष्ट्रीकृत बाडखान अनुसूचित बैंक खोन जारीयाकान डिमांड ड्रा ट/बैंक पे आर्डर दाराय ते जामाय लेक काना आर ओना दो दारखास सालाक् ते जामाय होयोक्आ। बायना पायसा जामाय आर एनआईए कागोच रेयाक् गोनोम बेगोर तेयाक् दारखास साकाम दो उसारा ते रद्दकाक्आ। • **अनुबंध रेयाक् सोमोय:** 03 बोछोर सोमोय लागित्। • **एनआईए कागोच डालाव रेयाक् तारीक आर सोमोय: वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा पाहिल मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा-732102 (पश्चिम बंगाल)** रेयाक् कार्यालय रे नोआ बाखरा दोहोवाकात् मुहरबंद पेटी रे **माहित 13.07.2026 खोन 15.07.2026 हाबिच् 11.00 बजे खोन 16.00 बजे हाबिच् ते भोराव लेक काना। माहित 15.07.2026 हिलोक् 16.00 बजे तायोम ओकाटाक् दारखास गे बाड आंगोचोक्आ।** • **एनआईए पेटी झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेयाक् कार्यालय, मालदा रे माहित 15.07.2026 हिलोक् 17.00 बजे। • **वेबसाइट जाहां रे दो एनआईए रेयाक् पुराउ बानाडाय ञेल दाड़ेयाक्आ: माहित 16.06.2026 खोन www.er.indianrailways.gov.in** रे। **टिप्पणी: (i)** सरकारी नेयोम लेकाते गड्स आर सर्विस टैक्स (जीएसटी) लागू मेनाक्आ। **(ii)** चेतान रे ओलाकान रेयाक् पुराउ बानाडाय लागित् दाया काते रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** ञेलपे। **(iii)** एनआईए प्रपत्र/कागोच दो नेयोम लेकाते पेरेज लेक काना।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मालदा**

**पूर्व रेलवे**

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## पारस हॉस्पिटल रांची में अब मिलेगी विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सेवाएं

**रांची।** मरीजों को बेहतर और विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पारस एचईसी हॉस्पिटल ने IRIS Hospital के साथ MOU किया. इस पहल का उद्देश्य झारखंड के मरीजों को एक ही स्थान पर उच्च गुणवत्ता वाली और आधुनिक नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। अब अस्पताल में नियमित ओपीडी, उन्नत नेत्र जांच सुविधाएं तथा आधुनिक तकनीक से लैस नेत्र सर्जरी की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। मरीजों को मोतियाबिंद, रेटिना, कॉर्निया, ग्लूकोमा, ओकुलोप्लास्टी समेत विभिन्न जटिल नेत्र रोगों के उपचार के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं मिलेंगी।डॉ सुबोध ने कहा कि पारस हॉस्पिटल ने आइरिस आई हॉस्पिटल के साथ एमओयू किया है। जिसके अंतर्गत पारस हॉस्पिटल में नेत्र रोग सेवाएं आइरिस आई हॉस्पिटल के द्वारा प्रदान की जाएगी।पारस हेल्थ रांची के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि पारस हेल्थ हमेशा अपने मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। आईरिस आई हॉस्पिटल के साथ यह सहयोग नेत्र रोग विभाग को और अधिक मजबूत बनाएगा तथा मरीजों को विशेषज्ञ और समग्र नेत्र देखभाल सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से मरीजों को पारस हेल्थ रांची में ही विशेषज्ञ परामर्श, अत्याधुनिक जांच और सर्जरी की सुविधाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार प्राप्त होगा। आईरिस आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञता और अस्पताल की आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के समन्वय से झारखंड के मरीजों को विश्वस्तरीय नेत्र चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलेगी।

# देवघर में युवक का क्षत-विक्षत शव मिला, हत्या की आशंका



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** शहर के रेलवे स्टेशन के समीप एक युवक का सिर कुचला हुआ शव मिलने से शुक्रवार को इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान बांका थाना क्षेत्र के जगतपुर निवासी 24 वर्षीय राजदीप पासवान उर्फ राजा के रूप में हुई है। पहचान उसके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार राजदीप देवघर में रहकर निजी वाहन चलाने का काम करता था। घटना की खबर मिलते ही उसके परिजन देवघर पहुंचे। शव की स्थिति देखकर परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि किसी पुराने विवाद के कारण राजदीप की जान ली गई है। हालांकि उन्होंने किसी व्यक्ति विशेष या विवाद के कारण के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी। घटनास्थल का दृश्य बेहद भयावह था। बताया जा रहा है कि युवक के सिर पर किसी भारी पत्थर से कई वार किए गए थे। चोट इतनी गंभीर थी कि सिर का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। शव पर अन्य कई चोटों के निशान भी मिले हैं। इससे प्रथम दृष्ट्या मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस जांच के दौरान घटनास्थल से एक मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोटरसाइकिल पर दुर्घटना जैसी कोई क्षति या खरोंच नहीं मिली है। वहीं मोबाइल फोन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश किए जाने के संकेत मिले हैं। इन तथ्यों के आधार पर पुलिस दुर्घटना और हत्या दोनों पहलुओं की गहन जांच कर रही है। मृतक के भाई धीरज पासवान ने बताया कि उन्हें पुलिस की ओर से सूचना मिली थी कि उनके भाई का एक्सीडेंट हो गया है। लेकिन जब वे सदर अस्पताल पहुंचे तो राजदीप को मृत पाया। उन्होंने कहा कि सिर पर मिले गंभीर जख्मों को देखकर यह सड़क दुर्घटना नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या का मामला लगता है। इधर स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि मृतक कथित रूप से शराब कारोबार से जुड़ा हुआ था। हालांकि पुलिस ने इस संबंध में किसी भी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जांच एजेंसियां इस पहलू को भी ध्यान में रखकर मामले की पड़ताल कर रही हैं। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर ली है, लेकिन फिलहाल कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। सूत्रों का कहना है कि सिर पर भारी वस्तु से किए गए वार के कारण युवक की मौत हुई है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल नगर थाना पुलिस मामले की हर बिंदु से जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और वैज्ञानिक जांच के आधार पर ही घटना की वास्तविक वजह स्पष्ट हो पाएगी। वहीं युवक की संदिग्ध मौत से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## देवघर में बीएलए 2 की बैठक आयोजित विधायक सुरेश पासवान ने लिया भाग



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** देवघर प्रखंड के कोयरीडीह सामुदायिक भवन में B.L.A.-2 की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई,जिसमें देवघर के लोकप्रिय विधायक सुरेश पासवान शामिल हुए। बैठक में संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी कार्यों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। पार्टी द्वारा नियुक्त प्रमोद यादव (BLA-1 सह मीडिया प्रभारी, राजद) ने उपस्थित सभी B.L.A.-2 सदस्यों को संगठनात्मक जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही आगामी एसआईआर से संबंधित कार्यों को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन किया गया, ताकि योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से किसी भी स्थिति में न हटे। इस विषय पर बैठक में गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

## जनता दरबार में शिकायतों का हुआ निपटारा



**देवघर।** शुक्रवार को लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान भू-अर्जन और मुआवजा भुगतान, झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास तथा अन्य योजनाओं से जुड़े मामलों को लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखा। जनता दरबार में उपायुक्त ने सभी शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्राप्त सभी शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राशन कार्ड में नाम जोड़ने, पीएम किसान योजना, पेंशन, राजस्व तथा मईंया सम्मान योजना से संबंधित कई मामलों का संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रखंड और अंचल स्तर से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी आवेदनों की भौतिक जांच कर निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर कार्यक्रम




**देवघर संताल एक्सप्रेस।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों की सुरक्षा हेतु कार्यरत संस्था चेतना विकास द्वारा जसीडीह रेलवे स्टेशन एवं जसीडीह थाना परिसर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल श्रम, बाल तस्करी एवं बच्चों के शोषण के प्रति आमजन, यात्रियों एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जागरूक करना था।कार्यक्रम के दौरान बच्चों के शिक्षा,सुरक्षा,पुनर्वास एवं कानूनी अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों व कर्मचारियों के बीच जागरूकता संदेश फैलाए गए,वहीं थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों के साथ बाल संरक्षण कानून एवं तस्करी रोकथाम पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि रेलवे प्रबंधक शंकर शैलेश ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन नियमित रूप से होने चाहिए, जिससे बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण को मजबूती मिले।

## प्लस पोलियो अभियान के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम



**मधुपुर ।** अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को आगामी प्लस पोलियो अभियान की सफल तैयारी को लेकर पर्यवेक्षकों एवं वैक्सीनेटरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षण का उद्देश्य अभियान में शामिल स्वास्थ्यकर्मियों को पोलियो उन्मूलन से संबंधित आवश्यक जानकारी, टीकाकरण की प्रक्रिया तथा घर-घर जाकर बच्चों तक पहुंचने की रणनीति से अवगत कराना था।प्रशिक्षण कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में एकता कुमारी, मंजु कुमारी, रंजना कुमारी, रजनीकांत, सुनिता कुमारी एवं सुनिता किस्कू सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। वहीं बड़ी संख्या में वैक्सीनेटरों को भी अभियान के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।

# संगठन की मजबूती पर भाजपा का जोर, मंडल और शक्ति केंद्रों को सक्रिय बनाने का आह्वान

## मासिक बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय, कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेवारियां



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर।** भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्षों, मंडल प्रभारियों और मोर्चा जिला अध्यक्षों की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने की। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय और जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए बालमुकुंद सहाय ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी जिला पदाधिकारी और मंडल प्रभारी नियमित रूप से मंडलों तथा शक्ति केंद्रों में प्रवास करें और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती देने के लिए पूरी ऊर्जा के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्रों को मजबूत करने से बूथ स्तर तक संगठन सशक्त होगा और पार्टी की जड़ें और मजबूत होंगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रदेश और जिला स्तर से प्राप्त सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। साथ ही संगठन में किसी प्रकार की गुटबाजी से बचने और अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में मंडल बैठक, द्वितीय सप्ताह में जिला बैठक, तृतीय सप्ताह में शक्ति केंद्र बैठक तथा अंतिम रविवार को मन की बात कार्यक्रम का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाएगा।

**आगामी अभियानों और कार्यक्रमों पर हुई विस्तृत चर्चा**

जिला अध्यक्ष सचिन रवानी ने संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्रा, विकसित भारत सम्मेलन, प्रबुद्धजन जिला गोष्ठी और प्राकृतिक खेती विषयक कार्यशाला जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके अलावा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, 25 जून को आपातकाल स्मृति दिवस तथा 28 जून को मन की बात कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर भी रणनीति बनाई गई।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुनीता सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक देवेंद्र कुंवर, जिला महामंत्री अभयानंद झा, जिला उपाध्यक्ष अधीर चंद्र, पप्पू यादव, पंकज सिंह भदौरिया, विजया सिंह, मुकेश पाठक, संतोष मुर्मू, सुलोचना देवी, मनोज मिश्रा, जयकांत मंडल, अलका सोनी, सचिन सुल्तानिया, विश्वनाथ रवानी, बलवीर राय, प्रकाश लाल सहित सभी मंडल अध्यक्ष और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# योजनाओं की धीमी रफ्तार पर डीडीसी ने भूमि संरक्षण विभाग को लगाई फटकार



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**देवघर ।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा ने मत्स्य, उद्यान एवं भूमि संरक्षण विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। बैठक के दौरान उन्होंने भूमि संरक्षण विभाग के कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जताई और अधिकारियों को कार्यशैली में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ तभी सार्थक होगा, जब उनका प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखाई दे। उन्होंने अधिकारियों को केवल कार्यालयी कार्यों तक सीमित नहीं रहने और नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा कर योजनाओं की प्रगति की निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों की सुविधा और जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं।

**तालाब जीर्णोद्धार, जलनिधि योजना और बंजर भूमि विकास की हुई समीक्षा**

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत संचालित तालाब जीर्णोद्धार, बंजर भूमि एवं राइस फेलो विकास योजना, विशेष सिंचाई सुविधा के लिए सरकारी और निजी तालाबों के पुनरुद्धार, जलनिधि योजना के अंतर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण तथा डीप बोरिंग कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कई योजनाओं में अपेक्षित गति नहीं मिलने पर अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

**महिला समूहों और छोटे किसानों को प्राथमिकता देने पर जोर**

कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला सखी मंडलों, कृषक समूहों, लैम्प्स और पैक्स के बीच छोटे कृषि यंत्रों के वितरण की स्थिति की जानकारी ली।

साथ ही छोटे और सीमांत किसानों को अनुदानित दर पर पंपसेट उपलब्ध कराने तथा मुख्यमंत्री बड़ा ट्रैक्टर योजना के तहत कृषि यंत्रों के वितरण की प्रगति पर भी चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं का लाभ पात्र और जरूरतमंद किसानों तक समय पर पहुंचे। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही योजनाओं को पूरी गंभीरता के साथ लागू करना आवश्यक है। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी तथा संबंधित विभागों के प्रखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर दिलाई गई शपथ



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को मधुपुर अंचल सह प्रखंड कार्यालय परिसर में एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी यामुन रविदास ने की। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिज्ञा की।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा गया कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ऊर्जा और शक्ति होते हैं।युवाओं की सकारात्मक सोच और सक्रिय भागीदारी से समाज एवं देश के विकास को नई दिशा मिलती है। इसलिए यह आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा नशा मुक्त भारत अभियान से जुड़कर इस सामाजिक चुनौती का सामना करें। शपथ में सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे तथा अपने परिवार, मित्रों, समुदाय और समाज के अन्य लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। यह भी कहा गया कि किसी भी बड़े बदलाव की शुरुआत स्वयं से होती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पहले खुद नशे से दूर रहकर दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। प्रतिज्ञा के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने कहा कि वे अपने जिले, राज्य और देश को नशामुक्त बनाने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास करेंगे तथा नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य निरंतर जारी रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में झारखंड को नशामुक्त राज्य बनाने का दृढ़ संकल्प दोहराया। इस अवसर पर बीडीओ अजय कुमार दास, सीआई निरंजन रजक सहायक लिपिक खुर्शीद आलम राजेंद्र यादव राहुल सिंह, राजेंद्र यादव पर्यवेक्षका प्रियंका कुमारी, सलवंती हेंब्रम, निविदाता नटराजन, सहित अंचल कार्यालय एवं प्रखंड कार्यालय के अधिकारी-कर्मी उपस्थित थे। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के खिलाफ जनजागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का वाहक बनाना था।

# पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने किया प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तत्वावधान में राज्य प्रशिक्षण पार्क, मधुपुर में 11 जून से 17 जून तक आयोजित होने वाले बेसिक एवं एडवांस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्यूब मास्टर, स्काउट मास्टर एवं रोवर स्काउट लीडर के लिए बेसिक कोर्स तथा क्यूब मास्टर एवं रोवर स्काउट लीडर के लिए एडवांस कोर्स संचालित किए जा रहे हैं।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन की शुरुआत पारंपरिक ध्वजारोहण एवं ध्वज समारोह के साथ हुई। इसके बाद प्रतिभागियों के यूनिफॉर्म निरीक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें उनकी वर्दी, अनुशासन एवं स्काउटिंग मानकों के अनुरूप तैयारी का मूल्यांकन किया गया। उद्घाटन की औपचारिकताएं पूर्ण होने के पश्चात विभिन्न पाठ्यक्रमों के लीडर ऑफ कोर्स ने अपने-अपने प्रशिक्षण सत्रों की शुरुआत की और निर्धारित गतिविधियों का संचालन किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अनुभवी स्काउट नेताओं के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। बेसिक क्यूब मास्टर कोर्स के लिए मलय कृष्ण राय को लीडर ऑफ कोर्स नियुक्त किया गया है। वहीं जीवन कुमार राय एडवांस क्यूब मास्टर कोर्स के लीडर ऑफ कोर्स होने के साथ-साथ स्टेट ट्रेनिंग कमिश्नर (स्काउट) के रूप में पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी हैं। बेसिक स्काउट मास्टर कोर्स का संचालन विश्वजीत देबनाथ, बेसिक रोवर स्काउट लीडर कोर्स का संचालन आलोक चक्रवर्ती तथा एडवांस रोवर स्काउट लीडर कोर्स का संचालन संजीव कुमार बोस द्वारा किया जा रहा है।

# मदरसा दिनिया में नई कमेटी का गठन, शिक्षा और सुरक्षा को लेकर लिया गया बड़ा फैसला



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**मधुपुर ।** लालगढ़ स्थित मदरसा दिनिया इस्लामिया में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मदरसा के सरपरस्त मोहम्मद मुशर्रफ हुसैन ने की। बैठक में मदरसा और मस्जिद के सुचारु संचालन, बच्चों की बेहतर शिक्षा, सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गया। प्रबंधन कमेटी का गठन कर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक में हाल के दिनों में हुई घटना के बाद मदरसे की सुरक्षा, बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की कमी न हो तथा आधुनिक सुविधाओं का विस्तार करने पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मदरसे में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।नई कमेटी में मोहम्मद सलाउद्दीन शेख को अध्यक्ष (सदर) एवं गुलाम सरवर को सचिव (सेक्रेटरी) बनाया गया। वहीं हुसैन शेख उर्फ बिहारी को नायब सदर तथा हसमत शेख नायब सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। सलाहकार समिति में मौलाना फारूक अहमद, हैदर शेख, हुसैन अली, ताहिर शेख, एनुल शेख और अजमत अली सहित कई वरिष्ठ लोगों को शामिल किया गया। सक्रिय सदस्यों में तस्लीम, मुर्शीद, हसीरुद्दीन, सनाउल शेख, हसमत अली सहित अन्य युवाओं को जिम्मेदारी दी गई।

## जून भर चलेगा विशेष आधार अभियान



**देवघर।** जिले के छोटे बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने विशेष आधार कार्ड अभियान शुरू किया है। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निर्देश पर जिले के सभी प्रखंडों में 1 जून से 30 जून 2026 तक रोस्टर के अनुसार पंचायत भवनों में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड बनाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के सभी 10 प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में विशेष आधार नामांकन शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों का आधार कार्ड बनवाने पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कैंपों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक बच्चे का आधार कार्ड बनवाना है, ताकि उन्हें आंगनबाड़ी सेवाओं सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी परेशानी के मिल सके।

## चौकीदार और होमगार्ड भर्ती में तेजी लाने के निर्देश



**देवघर।** चौकीदार और होमगार्ड के रिक्त पदों पर होने वाली सीधी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया और पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने संयुक्त रूप से की। बैठक में भर्ती प्रक्रिया की अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि भर्ती से जुड़ी सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी की जाएं। उन्होंने आवेदन प्राप्त करने, उनकी जांच और भौतिक सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए स्पष्ट समय-सीमा तय करने का निर्देश दिया, ताकि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता परीक्षा में आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया।

## दो रुपये के विवाद में बवाल, युवकों से मारपीट कर चेन और नकदी छीनने का आरोप

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के भुरभुरा मोड़ स्थित एक किराना दुकान पर कोल्ड ड्रिंक के दाम को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि विवाद के दौरान दो युवकों के साथ मारपीट की गई और उनसे नकदी व चांदी की चेन भी छीन ली गई। मामले को लेकर पीड़ितों ने नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित जसीडीह थाना क्षेत्र के गिधनी निवासी मिठु महथा और रिखिया थाना क्षेत्र के बलसारा निवासी मुकेश महथा ने पुलिस को बताया कि 9 जून की रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों प्लंबर का काम खत्म कर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में सोरेन पेट्रोल पंप के पास भुरभुरा मोड़ स्थित शिवानी किराना स्टोर पर कोल्ड ड्रिंक खरीदने के लिए रुके। इसी दौरान 20 रुपये की कोल्ड ड्रिंक का मूल्य 22 रुपये बताए जाने पर दुकानदार और ग्राहकों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि बात बढ़ने पर दुकानदार मुकेश यादव और उसके साथियों ने दोनों युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मिठु महथा के गले से करीब 12 हजार रुपये मूल्य की चांदी की चेन और जेब में रखे 1200 रुपये भी छीन लिए गए। पीड़ितों का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। घटना के दौरान जब आसपास के लोगों की भीड़ जुटने लगी तो आरोपी अपाची बाइक से भागने का प्रयास करने लगे। हालांकि बाइक स्टार्ट नहीं होने पर वे वाहन को वहीं छोड़कर फरार हो गए। पीड़ितों ने पुलिस को बाइक का नंबर बीआर-46-5452 बताया है। मारपीट में घायल मिठु महथा को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इसके बाद दोनों पीड़ित नगर थाना पहुंचे और दुकानदार मुकेश यादव समेत उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल और आरोपियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भाजपा नेताओं ने किया पौधारोपण



**दुमकाः** पर्यावरण संरक्षण और धरती को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शुक्रवार को दुमका के रिंग रोड स्थित डॉ. अंजुला मुर्मू के आवास के समीप एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर पौधे लगाकर प्रकृति और मातृशक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही ने पौधारोपण करने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस गरिमामयी और प्रेरणादायक अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. अंजुला मुर्मू, बिमल मरांडी, धर्मेंद्र सिंह बिट्टू, मार्शल ऋषिराज टुडू, श्रीधर दास, दिनेश सिंह, दीप्तांशु कोचगवे, रामकृष्ण हेंब्रम, रमेश मुर्मू और प्रवीण सिंह सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग एवं प्रबुद्ध कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान को आगे बढ़ाने और पौधों की सुरक्षा करने की सामूहिक शपथ ली।

## दुमका से भोगनाडीह तक पदयात्रा की तैयारी



**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड के खरबिला पंचायत अंतर्गत नया फेटका ग्राम में बैसी के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया। आगामी 27 जून को सिदो कान्हू चौक (पोखरा चौक) दुमका से 30 जून तक शहीद ग्राम भोगनाडीह, बरहेट पर्यंत पदयात्रा क्रार्यक्रम की तयारी को लेकर शुक्रवार को आयोजित इस बैठक में बैसी के सदस्यों ने अमर शहीद सिदो कान्हू, चांद भैरव, फूलो झानो एवं हजारों संथालों के बलिदानों को याद किया। बैसी द्वारा बताया गया कि इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य सभी शहीदों को उनके बलिदानों के लिए श्रद्धांजलि देना है। साथ ही पदयात्रा को सफल बनाने हेतु उपस्थित सभी ग्रामीणों को इसमें बढ़ चढ़ कर शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। बैठक में कार्यक्रम के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई और पदयात्रा मे शामिल होने वाले सभी यात्रियों को यात्रा के दौरान मिलने वाले विभिन्न पड़ाव की जानकारी दी गई। बैठक में बैसी के सामुदायिक नेता सनातन टुडू एवं सुनीता सोरेन, मीडिया प्रभारी सुलेमान मराण्डी, सेविका धनमुनि हेम्ब्रम , सुनील सोरेन, सोलेमान सोरेन, रानी टुडू , सूरज सोरेन सहित अन्य उपस्थित थे।

## हाईवा की टक्कर से बैल घायल, मुख्य मार्ग किया जाम

**काठीकुंड।** थाना क्षेत्र के चंद्रपुर मोड़ के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा ने सड़क पार कर रहे एक बैल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में स्थानीय निवासी सुखदेव किस्कू का बैल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पशु के घायल होने से नाराज पशुपालक और स्थानीय ग्रामीणों ने उचित मुआवजे की मांग को लेकर दुमका-पाकुड़ मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने कोयला परिवहन करने वाले ट्रकों सहित सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन को पूरी तरह रोक दिया। करीब 40 मिनट तक रहे इस चक्काजाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई, जिससे यात्रियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की जानकारी मिलते ही काठीकुंड थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित ग्रामीणों को समझा-बुझाकर और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम को समाप्त कराया। इसके बाद इस मार्ग पर यातायात व्यवस्था दोबारा सामान्य हो सकी।

# बिर रे मायजीवाक् जाङ होड़मोको ञाम केदा



**खोबोरिया**

**पलामू।** पलामू जिला रेयाक् पांडू थाना टोठा रेयाक् जमुदाहा बिर रेजा़रूममाहां हिलोक् मित्टेन मायजीवाक् जाङको ञामकेत् ते टोठा रेनोआ काथा दो़ चांवमारते पासनावेना। खोबो़र ञाम तायो़म वरीयअधिकारीको सांवते पांडू थाना पुलिस ओ़न्डेको सेटेरेना आर मामलारेयाक् जांचको एहो़प् केदा। पुलिस सेच् खो़न एम आकान बानाडाय लेकारे, बिर रे ञामेन जाङ सोर रेयाक् किचरिच् लेका रे घारो़ंजरेन होड़ दो़ उनीयाक् पाछनाव सुनीता देवी (37), जावांय विनोद राम,भटवलिया, पांडू रूप रेको ला़ई आकदा। ला़ई केदाको जे सुनीता देवीदो़ पारो़मेन 29 मई हिलोक् सेताक् मोटामुटी 11 बजे बिर ते साहान आ़गुय चालाव लेना, ओना तायो़म खो़न उनी दो़ बाय रूवा़ड़ लेना। घो़टनाबाबो़त रे टोठा रे आयमा लेकानाक् काथा आंजो़मोक् काना। आदो़मआतो होड़को मेनेत् काना जे मायजीउ दो़ बिर हा़तीयाक् हमला तेय गो़च् आकाना जा़निच्। आर से नो़ते गो़च्एन मायजीउ ताको ओड़ाक्रेन दो़ उनी रेन जावांय उपा़र रे दो़सको लादेयाकादा आर मामला रेयाक् साफ-साफी जांच होयोक् रेयाक् खो़जको दो़हो़ केदा।

पुलिस दो़ मायजीउवाक् जाङ आपनार गो़बो़ल रे दो़हो़ कातेजा़रूड़ो़क्आक् कानूनी प्रक्रियाको पुरा़उ केदा आर पोस्टमार्टमआर वैज्ञानिक जांच ला़गित् रि स रांची तेको कोल केदा। पुलिसकोमेनेत् काना जे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आर एमान तेयाक् जांच रिपोर्टञामो़क् आनेच् गे गो़च् आकान रेयाक् आसो़ल ओ़जे दो़ बाडाय दाड़ेयाक्आ।

# हा़तीयाक् हमला रेय घा़लेना हाड़ाम होड़, रेफर केदेयाको झाड़ग्राम

**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला रेयाक् चाकुलिया प्रखंड रेयाक् जमुआ पंचायत रेयाक् इंदबनी आतो सोर रे जा़रूममाहां हिलोक् सेताक् मित्टेन हा़तीयाक् हमला रे 60 बो़छो़र रेन काबुल मुंडा आ़डीकाजाके घा़ल एना। घो़टना तायो़म टोठा रे भो़यो़न पासनावेना। ञाम आकान खोबो़र लेकाते, काबुल मुंडा दो़ सेताक् चेत् का़मीमेनतेचो़ ताड़ाम तेय चालाक्कान ताहेंकाना। उन ओ़कते गे इंदबनी बिरठेन उनी दो़ हा़ती सो़ंगे आमने-सामनेय ञापामेना। हा़ती दो़ उनी ञेलतेय हमला केदा आर सूंड ते कातेय तावाक् केदेया, ओनका रे उनी दो़आ़डी काजाके घा़ल एना।घो़टना रेयाक् खोबो़र ञाम सांवते आडे-पासे रेन होड़ ओ़न्डेकोसेटेरेना आर वन विभाग नोआ रेयाक् खोबो़रको एमादेया। वन विभागाक् गो़ड़ो़ ते घा़ल आकान काबुल मंडा दो़ उसा़रा तेरान-ओचोये ला़गित् अस्पताल तेको कोल केदेया। रारानको दो़ उनी एतो़हो़प् रान बाड़ा काते उनीयाक् मुसकिल हालो़त ञेलाते मो़ंजरान-मुरगा़न ला़गित् ते पश्चिम बंगाल रेयाक् झाड़ग्राम अस्पताल तेको रेफर केदेया। आतो होड़को ला़ई केदा जे इंदबनी बिर टोठा रे आयमा दिन खो़न पेया हा़तीको आ़चुर बाड़ाय काना। हा़ती मित् गे तालावको आ़चुरबाड़ायकान ते आडे-पासे रेयाक् आतो रेन होड़ दो़ बो़तो़र रे मेनाक् आकात्कोआ। आतो होड़को मेनेत् काना जे खेत आर बिर सेच् चालाक् हों होड़को बो़तो़रो़क् काना। टोठाकिया़ होड़ दो़ वन विभाग ठेन होड़ ताहेंन टोठा खो़न सा़गिञते हा़ती लागा इदिको आर आतो होड़ाक् सुरक्षा ला़गित् केटेच् आर मो़ंज उपा़ई बेबो़सतावाको रेयाक् खो़जको दो़हो़ केदा।

# ट्रेन ते गेत् कुटरा़ कातेय गो़च् एना बुढही मायजीउ



**खोबोरिया**

**पलामू।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन सांव साटाव मेनाक् मेदिनीनगर टाउन थाना टोठा रेयाक् शांतिपुरी टोठा रे जा़रूममाहां हिलोक् सेताक्ट्रेन ते गेत् टुकरा़ काते बुढ़ही मायजीवे गो़च् एना। मायजीउ दो़ रेलवे ट्रैक सेच् तेय पारो़मो़क्कान ताहेंकाना, नोआ तो़ंगे रे ट्रेन रेयाक् चापो़ट रेय पाड़ावेना। उनीयाक् बो़हो़क् आ़उला़उ माछाकोला़येत्कान ताया। मायजीवाक् पाछनाव दो़ छतरपुर रेयाक् खाटिन आतोरेन गिरा़बा़सी 68 बो़छो़र रेन लक्ष्मी देवी, जावांय शिव प्रसाद राजकिशन रूप रे होय आकाना। टोठाकिया़ होड़ ठेन खो़न ञामाकान खोबो़र लेका रे रेलवे लाइनरे मांड़ी ञेल काते आडेपासे रेन होड़ दो़ नोआ रेयाक् खोबो़रटीओपी तीन रेन प्रभारी प्रदीप कुमार मेहताको एमादेया। ओ़न्डेकोसेटैरेन टीओपी तीन रेन पुलिस दो़ मांड़ीको पाछनाव केदा। रेलवेट्रैक खो़न मांड़ी ओ़चो़क् काते पोस्टमार्टम ला़गित् मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (एमएमसीएच) रेको कोल केदा। टीओपी तीन प्रभारीयाक् ला़ई लेकाते मायजीउ दो़ डालटनगंज रेय ताहेंनो़क्कान ताहेंकाना। सा़रदीमाहां हिलोक् ओड़ाक् खो़ने ओडोङ लेना। आचका गे ट्रेन रेयाक् चापो़ट रेय पाड़ावेन तेय गो़च् एना। घारो़ंज रेन होड़ाक् ला़ई लेकाते मायजीउ दो़ थोड़ा दिन खो़नबो़हो़क् आ़उला़वाकानताय ताहेंकाना। सा़रदीमाहां हिलोक् ञिन्दा़ ओड़ाक् खो़ने आत् आकान बाबो़त रे पुलिस ठेन मौखिक खोबो़रको एमलो। घारो़ंज रेन होड़ हों खुफ्को सेंदरायेदेकान ताहेंकाना। नोआ तो़ंगे रे गे मांड़ीको ञाम केदा।

# खूंटी रे गो़ड़ो़ं आर सुबिता केंद्रको बानाधाव केदा, फ्री विधिक गो़ड़ो़ंको ञामा




**खोबोरिया**

**खूंटी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार डीएलएसए सेच् खो़न जिला़ रे पोनया वरिष्ठजन सहायता आर सुबिता केंद्रको बा़यसा़उ आकादा। नोआ पोंथा दो़प्रधान जिला आर सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए खूंटी रसिकेशकुमाराक् मार्गदर्शन रे होय आकाना। डीएलएसए लेकाते संयुक्त राष्ट्रसंघ सेच् खो़न जाव बो़छो़र गे 15 जून हिलोक् विश्व वरिष्ठजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवसको मानावेत् काना। जिला़ रे बैंक ऑफ इंडिया खूंटीशाखा, प्रखंड कार्यालय, पिपरटोली रे मेनाक् वृद्धाश्रम आर डीएलएसएखूंटी रेयाक् फ्रंट ऑफिस रे वरिष्ठजन सहायता आर सुबिता केंद्रको चालावेत् काना। मिमित् केंद्र रे बारया बारया पारा विविधस्वयंसेवकको पीएलवी। नोआ केंद्र रे एंगात आपात आर वरिष्ठ होड़कोवाक् भरण पोषण आर कल्याण अधिनियम 2007 बाबो़त मामला रे निःशुल्क कानूनी परामर्श एमावाको काना। सांवते गे पेंशन, स्वास्थ्य लाभ, आयुष्मान भारत, बीमा सुरक्षा, दिव्यांगता आर विधवा सहायता योजनाको घालो़क् आयमा सरकारी कल्याणकारी योजनाको रेयाक् लाभएमावाको रे गो़ड़ो़ं एमावाको काना। नोआ छाडा गा़खुड़ होड़कोसाइबर ठगी, ओटीपी स्कैम, फर्जी केवाईसी कॉल आर डिजिटल बैंकिंग धोखाधाड़ी खो़न बांचावक् ला़गित्को जागवारेत्कोआ। नोआ जो़तो़केंद्र जून चान्दो मुचात् धा़बिच् ते का़मी ताहेंना। नोते 15 जून हिलोक् विश्व वरिष्ठजन दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस ओ़पसो़र रे विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम आर विधिक सहायता शिविरको हों ओरामो़क्आ। डीएलएसए दो़ जिला़ रेन जो़तो़ गा़खुड़ होड़को आरओनको घारो़ंज रेन ठेन नोआ केंद्र रेयाक् लाभ उठा़उको आरो़ज आकावात्कोआ।

# बिरगाजाड़ रे मायजिवाक् जाङतेत् ञामेन ते चांवमारावेना, जांच रेको धुरा़वेना पुलिस

**खोबोरिया**

**पलामू।** जिला़ रेयाक् पांडू थाना टोठा रेयाक् जमुदाहा बिरगाजाड़ रे सोकोलवार हिलोक् मित्टेन मायजिवाक् जाङतेत् ञामेन ते इलाका रेचांवमाराव एना। बाडायेन तायो़म गा़खुड़ अधिकारीको सालाक् पांडू थाना पुलिस ताक रेको सेटेरेना आर मामला जांच रेको धुरा़उ आकाना।पुलिस सेच् खो़न बाडायाकान लेकाते, बिरगाजाड़ रे ञामेन जाङ सोर रेकिचरिच् आधार रे घारो़ंज रेन दो़ उनी सुनीता देवी 37 उमा़र,जावांय विनोद राम, भटवलिया, पांडू रूप रेय बाडाय आकाना। ला़ईकेदाको जे सुनीता देवी दो़ पारो़मेन 29 मई हिलोक् सेताक् पासेच् 11बजे लेका बिरगाजाड़ ते साहान माक्ए सेन लेना, इना़ तायो़म ओड़ाक्बाय रूवा़ड़ हेच् लेना। घो़टो़ना रे आयमा लेकान काथाको चारचायेत् काना। आदो़म होड़ाक् मेन काना जे मायजिव दो़ बिर जानवार हामलारेय गो़च् तानाक् आकाना। नोते गो़च्एन रेन मायके नाखा रेन दो़ उनी जावांय रे गा़हिर आरोपको लागाव आकादा आर मामला निष्पक्ष जांचरेको खो़ज आकादा। पुलिस दो़ जाङको काबजा आकादा आर जा़रूड़तेयाक् कानूनी प्रक्रिया पुरा़उ केदा आर पोस्टमार्टम ला़गित्आर वैज्ञानिक जांच ला़गित् रि स रांची तेको कोल आकादा। पुलिसाक्मेन काना जे पोस्टमार्टम रिपोर्ट आर एटाक् जांच रिपोर्ट ञामो़क् तायो़म गे गुजुक् रेयाक् सा़रीयाक् कारो़न दो़ पुसटा़उदाड़ेयाक्आ। निहा़ली पांडू थाना पुलिस दो़ जो़तो़ पहलूको धेयान रेदो़हो़य तुलुच् मामलाको जांचेत् काना।

# निसा़ दो़ सोमाज आर जुवा़नकोवाक् आगाम ला़गित् ते खातरा गेया, जागवार गे जो़तो़ खो़न माराङ कुड़पाड़ काना : उपायुक्त

**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** जिला प्रशासन दो़ जा़रूममाहां हिलोक् नशा मुक्ति जागवार गा़डी उपायुक्त कार्यालय छाटका खो़ने मो़हण्डा केदा आर हो़ड़े एकराड़ आचो केत्कोआ। उपायुक्त राजीव रंजन दो़ हा़रिया़ड़ चिर हुरला़उ तुलुच् गा़डीये मो़हण्डा केदा आरे मेन केदा जे निसा दो़ सोमाज आर जुवा़नकोवाक् आगाम ला़गित् ते खातरा गेया। नोआ जागावार गे जो़तो़ खो़न माराङ कुड़पाड़ काना। निसा़ दो़ एकेन मित् हो़ड़ाक्मुसकिल दो़ बाङ काना, बिचको़म पुरा़ घारो़ंज आर सोमाज ला़गित् ते गा़हिर लिलका़र काना। आसो़काय ते जुवा़न पीढ़ही दो़ नोआ रेयाक्बा़ड़िच् एसेर ते आ़डी जा़सतीको चापो़टो़क् काना। उपायुक्त दो़य मेनकेदा जे निसा़ हेवा ते जुवा़नकोवाक् कुकमु, ओ़लो़क् पाड़हाक,निपुट आर फ्यूचरे लुकसानेत् काना। नोआ खा़तिर ते घारो़ंज रेझो़गड़ा बा़ड़तीक् काना आर सोमाज रे बा़ड़िच् एसेर पाड़ाक्काना। उनी दो़य मेन केदा जे जिला प्रशासन दो़ निसा़ खो़न रूखिया़ सोमाज बेनाव ला़गित् तेय एकराड़ आकान मेनाया आर नोआ हुदिस कातेत् गे मो़हो़तानाक् जागवार लाड़ा़वानाक्ए एहो़प् केदा। उनी दो़य ला़ई केदा जे निसा़ खो़न रूखिया़ जागवार गा़डी दो़ जिला रेयाक् बाजारआर आतो डिहा़त रे आसेन कातेत् होड़ दो़ निसा़ खो़न होयोक्कान बा़ड़िच् एसेरको, नोआ खो़न रूखिया़ ला़गित् ते उपा़ई आर मो़जजिनगी खान्डाव रेयाक् मो़हो़तानाक् बाबो़त रे बानाडाये एमावाकोआ। गा़डी दाराय ते रा़डिया़ ते, प्रचार कातेत् आर जुदा़-जुदा़ सो़गो़ठन आर सरकार दाराय ते हो़ड़ो़-हो़ड़ो़ हा़बिच् निसा़ खो़न रूखिया़ ला़गित् खोबो़रे सेटेरा। राजीव रंजन दो़य मेन केदा जे होड़को ठेन खो़न नेहो़र मेनाक्आ जे नशा मुक्त सोमाज रेयाक् कुकमु दो़ तो़बेपुरा़क्आ, तिन रे सोमाज रेन जो़तो़ होड़ नोआ लाड़ा़वानाक्सांवतेको जुड़ाक् आर जुवानको निसा़ खो़न सा़गिञ रे दो़हो़को ला़गित् ते आकोवाक् एनेमको पुरा़उ। नोआ का़मीहो़रा रे समाजकल्याण विभाग रेन पदाधिकारी, जिला प्रशासन रेन अधिकारी आर एमान तेन कर्मी हों़को सेटेर आकान ताहेंना।



# जसपाल राणाये बेण्डावेन ते भारत रेन शूटर झाटकाको आटकार केदा

**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** भारत रेन गा़खुड़ निशानेबाज कोच आर माड़ाङ रेन स्टारशूटर जसपाल राणा दो़ सा़रदीमाहां हिलोक् ढेर ञिन्दा़ सेच् नावां दिल्ली रेयाक् मित्टेन निजी साकेत अस्पताल रेय बेण्डावेना। उनी दो़ 49बो़छो़र उमा़र रेने ताहेंकाना। उनीय बेण्डावेन ते भारतीय खेल जगतदो़ आसो़काय ते निशानेबाज दो़ल आ़डीको दुक एना। बाडाय ञाम आकान लेका रे हा़ली रे गे जर्मनी रेयाक् मयूनिख रे ओरामेनआईएसएसएफ विश्व कप भारतीय दो़ल सालाक् रूवा़ड़ो़क् ताक रेउनीयाक् निपुट दो़ असुकलेन ताया। ओना तायो़म उनीयाक् हार्ट बाबो़त रे रान-मुरगा़न होयलेन ताय ताहेंना, ओना रे स्टेंटको लागावआकादे ताहेंना। बेण्डाव ओ़कते भारत रेन पिस्टल निशानेबाज टीम रेनमाराङ कोच रूप रेय का़मीकान ताहेंना। जसपाल राणा दो़ भारतीय निशानेबाज दो़ विश्वकप रे मो़ज खिलोड तेको डामडा़हीयाकात् ताहेंना। उनीयाक्सिखना़त लेका ते मनु भाकर दो़ 2024 सेरमा रे पेरिस ओलंपिक रेबारया सिरपा़ जितका़र कातेत् नागामे बेनावाकादा। उनी दो़ स्वतंत्रभारत रेन पा़हिल खिलाड़ीय बेनावेना, उनी दो़ मित्टेन ओलंपिक रेबारया सिरपा़य हामेट आकादा। खिलाड़ी रूप रे हों जसपालराणावाक् करियर दो़ ओ़डी मो़ज गे ताहेंकाना। उनी दो़ राष्ट्रमंडलखिलोड रे नागाम रे भारत रेन जो़तो़ जो़जावान खिलाड़ी मुदको रेसेलेत्ए ताहेंकाना। उनी दो़ पोनया संस्करणको रे मोटामुटी 15गो़टेच् सिरपा़ये जितका़र लेन ताहेंना, ओनाको मुद रे 9 गो़टेच् स्वर्ण, 4 रजत आर 2 कांस्य पदक सेलेत् मेनाक्आ। जसपाल राणायबेण्डावेन ते भारतीय निशानेबाजको ला़गित् ते आ़डी लुकसान होयेना जेनोआ भा़रपा़ई ला़गित् ते दारायकान दिन हा़बिच् हों मुसकिल गेया।


शूटर रेन जो़तो़ खो़न नामडाक हो़ड़ेताहेंकाना। कोच रूप रे उनी दो़ आयमा अंतर्राष्ट्रीय ता़री रेखिलाड़ीकोय साप्-सापड़ा़वकेत्कोआ आर

# मित्टेन दारे गो़गो़ ञुतुम रे लाड़ा़वना होते गोड्डा रे 1.13 लाख दारे रो़हो़य रेयाक् जो़स

**खोबोरिया**

**गोड्डा।** स्कूली शिक्षा आर साक्षरता विभाग पाठवा़कोवाक् जो़तो़लाहान्तीय सांव सांवते ओनको रे ओ़नो़रो़ल बांचाव आर प्रकृतिला़गित् जिमा़वारी रेयाक् भावना विकसित पोंथा रे रिंकिड़े पोंथायेत् काना। नोआ ओ़कते रे शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकाराक्हुकुम लेकाते इको क्लब फॉर मिशन लाइफ ता़रीते मित्टेन दारे गो़गो़वाक् ञुतुम लाड़ा़वना दो़ 05 जून खो़न 30 सितंबर धा़बिच्कोचालावेत् काना। नोआ अभियान होतेते गोड्डा जिला़ रे 01 लाख 13 हजार 175दारे रो़हो़य रेयाक् जो़स निट आकाना आर पुरा़उ झारखंड रे 28लाख 82 हजार 300 दारेको रो़हो़य रेयाक् जो़स दो़हो़ आकाना। विभागरे जो़तो़ सरकारी, गैर सरकारी आर सरकारी गो़ड़ो़ ञामइसकुलको नोआ रे सेलेदो़क् गोटाये हुकुम आकादा।

अभियान होतेतेजिला़ रेयाक् जो़तो़ प्राथमिक, मध्य आर उच्च माध्यमिक इसकुलको रेदारे रो़हो़य रेयाक् जो़सको निट आकादा। गोड्डा जिला़ रेयाक् 955 प्राथमिक इसकुलको रे47750619 मध्य विद्यालय रे 46425 आर 190 उच्च विद्यालयको रे 19000 दारेको रो़हो़यो़क्आ। नोंका लेका ते जिला़ रेयाक् जो़तो़ते 1764 विद्यालयको रे 113175 दारे रो़हो़य रेयाक् जो़स निट आकाना। नोते पुरा़उ झारखंड रे 44376 इसकुलको होतेते 2882300 दारेको रो़हो़यो़क्आ, नोआ रे प्राथमिक, मध्य आर उच्च विद्यालयको फायलावते सेलेदो़क् निट आकाना। जाहां इसकुल छाटका रेरो़हो़य जागा बा़नुक्आ, ओण्डे दो़ पाठवा़को आको ओड़ाक्,सार्वजानिक ठा़व, सो़ड़ो़क् आड़े आर एटाक् लेकमान ठा़वको रेदारे रो़हो़य ला़गित्को उसकुरकोआ। विभाग दो़ नोआ अभियान ला़गित् केटेच् तेय आपनार आकादा। अधिकारीको लेकाते, जो़तो़ इसकुलको हुकुम आकावात्कोआ आर वन विभाग खो़न दारे ञाम सांवते गे हा़टिञाको अभियान एहो़प् गो़दा। सांवते गे नोआ जावगे मॉनिटरिंग होयोक्आ आर जाहां लेकानाक् शिथिलता बरतावानको इसकुलको कुड़पाड़ होयोक्आ।

# असम रे 4.7 तीव्रता ते धा़रती लाड़ा़वेना, मेघालय ला़ई ते पूर्वोत्तर रेयाक् आयमा टोठा रे आटकार केदा झाटका

**खोबोरिया**

**गुवाहाटी।** असम रेयाक् कछार जिला रे सा़रदीमाहां हिलोक् ञिन्दा़ सेच् 4.7 तीव्रता ते धा़रती लाड़ा़वेनको आटकार केदा, नोआ रेयाक्झाटका दो़ मेघालय ला़ई ते पर्वोत्तर भारत रेयाक् आयमा हिंसरेको आटकार केदा। मेनखान माराङ काथा दो़ नोआ गे ताहेंकाना जेधा़रती लाड़ा़वेन ते जाहां लेकानाक् माल-जाल रेयाक् लुकसान आरमाराङ घो़टना होय आकान रेयाक् खोबो़र दो़ बाङ ञाम आकाना।

अधिकारीकोवाक् ला़ई लेका ते सा़रदीमाहां हिलोक् ञिन्दा़ सेच्मोटामुटी 9:10 बजे धा़रती लाड़ा़व लेन ताहेंना। नोआ रेयाक् केंद्रदो़ असम रेयाक् कछार जिला रे ताहेंकाना। भूकंप रेयाक् केन्द्रदो़ ओ़त खो़न मोटामुटी 39 किलोमीटर लातार रेको रिकॉर्ड केदा,नोआ इया़ते नोआ रेयाक् झाटका दो़ आडे-पासे रेयाक् पो़नो़त हा़बिच्को आटकार केदा। भूकंप दो़ विज्ञान केंद्र आक् डेटालेका ते भूकंप रेयाक् केंद्र दो़ 24.941 डिग्री उत्तर अक्षांश आर93.007 डिग्री पूर्वी देशांतर रे ताहेंकाना। झाटकाकोआटकारकेत् सांवते गे होड़ दो़ बो़तो़र ते आकोवाक् ओड़ाक्खो़नको ञिर ओडोक एना। थोड़ा़गान टोठा रे मित्घा़ड़िच् ला़गित्ते होड़ दो़को आंद-मांदावेना। मेघालय छाडा दक्षिणी असम आर पूर्वोत्तर रेयाक् आयमा हिंस रे हों धा़रती लाड़ा़वकोआटकारकेत् खोबो़र सो़दो़रेना। मेनखान टोठा रेन प्रशासन आरआपदा प्रबंधन एजेंसीको दो़ ओ़बो़सता रे तातले धियानको दो़हो़वाकादा आर जाहां लेकानाक् माराङ घो़टना दो़ बाङ आंजो़म आकाना।

# रामगढ़ प्रखंड रे अबुआ जाति निवासी प्रामाण पत्र लाड़ा़वानाक् दाराय ते शिविर ओरामेना

**खोबोरिया**

**दुमका।** रामगढ़ प्रखंड रे आतो होड़ दो़ बेगो़र अंचल कार्यालय चालाव ते ओकोवाक् ओड़ाक् सोर रे गे आय, जाति आर आवासीय प्रमाणसाकामको बेनाव काताको काना जेमो़न ओनको दो़ सरकारी पोन्थारेयाक् पो़रहो़को हाताव दाड़ेयाक्आ। नोआ जो़स बाबो़त रे उपायुक्त आक् बातलाव लेका ते जा़रूममाहां हिलोक् रामगढ़ प्रखंड टोठा रेयाक् उत्क्रमित मध्य विधालय जियापानी रे अबुआ जाति निवासी प्रमाण साकाम लाड़ा़वानाक् दो़ मो़ज ते चालाव बेनाव ला़गित् ते मो़हो़तानाक् शिविरे ओराम केदा।



बाडायाक् काना जे जा़रूमाहां हिलोक् नोआमो़हो़तानाक् शिविर रे मोटामुटी 99 गो़टेच् फॉर्मको जामा लेदा, ओनाको मुद रे जाति प्रमाण साकाम ला़गित् ते 51 गो़टेच् फॉर्म आर निवासी प्रमाण साकाम ला़गित् ते 47 गो़टेच् आर जन्म प्रमाण साकाम रेयाक् लेखा दो़ मित्टेन फॉर्मको जामा केदा। शिविर रे आसो़लपेड़ा लेका ते पंचायत सचिव प्रिया रानी, वीएलई राजेश मंडल, पंचायत साहायक, सेविका महादेवी आर आयमा आतो होड़को सेटेर आकानताहेंना।

**पूर्व रेलवे**

**ठिका़ खोबो़र सं.: ईएल-29-26; माहित 11.06.2026;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओ़लाकान का़मी फान्डाव बाखरा विद्युत ठिका़दारी रेयाक् चा़लू लाइसेंस मेक्नाक्को आर लातार रे ओ़लाकान का़मी फान्डाव रे का़उडी ते दाड़े मेक्नाक्को नामडाक ठिका़दारको ठेन खो़न ई-ठिका़को नेवतायेत् काना: **का़मी रेयाक् ञुतुम सांवते ओना रेयाक् जायगा:** आसनसोल मंडल - इलेक्ट्रिक लोको शेड, आसनसोल रेयाक् विद्युतीय सोमपुतीको लाटूय आर बो़दो़ल। ठिका़ रेयाक् पूंजी: रु. 2,30,76,305.95; बायना पायसा: रु. 4,61,500; **ठिका़ कागो़च रेयाक् गोनो़म:** शून्य। **बो़ंदो़क् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमो़य:** 03.07.2026 हिलोक् 11.00 बजे। **का़मी पुरा़उ रेयाक् सोमो़य:** 12 चान्दो। पुरा़उ बानाडाय दो़ रेलवे रेयाक् वेबसाइट **ireps.gov.in** रे ञेल दाड़ेयाक्आ।
(ASN-134/2026-27)
ठिका़ खोबो़रको दो़ वेबसाइट **www.er.indian-railways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबो़सता आकान मेनाक्आ।
नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# बसंत सोरेन ने बांटे वाद्ययंत्र चूजे और ट्राई साइकिल

## कहा-अंतिम व्यक्ति तक योजनाएं पहुंचाना सरकार का लक्ष्य

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** शुक्रवार को प्रखंड अंचल कार्यालय परिसर स्थित आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र में एक भव्य वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद दुमका विधायक बसंत सोरेन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आदिवासी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना था। समारोह के दौरान विधायक बसंत सोरेन ने आदिवासी संस्कृति और लोक कला को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पारंपरिक वाद्ययंत्रों का वितरण किया। इसके साथ ही पवित्र जाहिर थान के लिए पूजन सामग्री भी सौंपी गई। महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ग्रामीण महिलाओं के बीच चूजों का वितरण किया गया, ताकि वे कुक्कुट पालन के जरिए अपनी आजीविका को मजबूत कर सकें। वहीं, सामाजिक सुरक्षा और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दिव्यांग जनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ट्राई साइकिल बांटी गई। सभा को संबोधित करते हुए विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के समग्र कल्याण और विकास के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि सरकार कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे हर महत्वपूर्ण क्षेत्र में निरंतर जन कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

# आदिवासियों की घटती आबादी गंभीर बेटियां पैदा करें 5 से 6 बच्चे : भानु

**ब्यूरो**

**दुमका।** झारखंड के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने शुक्रवार को दुमका सर्किट हाउस में मीडिया से बात करते हुए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर चौतरफा हमला बोला। बांग्लादेशी घुसपैठ, भ्रष्टाचार और मेडिकल कॉलेज का नाम बदले जाने के मुद्दे पर उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लिया और तीखे बाण चलाए।

---

**'संथाल परगना में डेमोग्राफी बदलना हमारी आत्मा पर चोट '**

भानु प्रताप शाही ने संथाल परगना में पैर पसारती बांग्लादेशी घुसपैठ को राज्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। उन्होंने कहा 'यह मुद्दा हमारी आत्मा पर चोट



के समान है। घुसपैठियों के कारण यहां की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। जो लोग राजनीतिक फायदे के लिए इन्हें आश्रय दे रहे हैं, वे देश और राज्य के गद्दार हैं। '

-------

**60 साल बाद शून्य हो जाएगी आदिवासियों की आबादी**

आंकड़ों का हवाला देते हुए भाजपा नेता ने कहा कि 1960 के दशक की जनगणना में संथाल में आदिवासियों की आबादी 46फीसद थी, जो 2011 में घटकर महज 26 फीसद रह गई। अगर यही स्थिति रही, तो अगले 60 सालों में आदिवासियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार से आदिवासियों के संरक्षण की मांग करते हुए एक व्यक्तिगत और अजीबोगरीब अपील भी कर डाली। उन्होंने कहा, 'हर आदिवासी की बेटी को कम से कम पांच से छह संतान पैदा करनी चाहिए, ताकि उनकी आबादी को बचाया जा सके।

---

दुमका स्थित फूलो झानो मेडिकल कॉलेज के नए भवन पर 'गवर्नमेंट हॉस्पिटल एंड मेडिकल कॉलेज' लिखे जाने पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कड़ी आपत्ति जताई। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर सीधा निशाना साधते हुए उन्होंने कहा 'किस परिस्थिति में देश की आजादी के लिए जान देने वाली वीरांगना फूलो-झानो का नाम हटाया गया, सरकार इसे स्पष्ट करे। 'इरफान अंसारी जनभावनाओं के साथ खिलवाड़ न करें।

# बेटियों की शादी के बाद परेशान कारोबारी का जंगल में मिला सड़ा-गला शव

**मसलिया।** थाना क्षेत्र के चंदना पंचायत अंतर्गत वनबाद गांव के जंगल से शुक्रवार को पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद किया है। शव पेड़ से फंदे के सहारे लटका हुआ था। मृतक की पहचान जामताड़ा जिले के बिंदापाथर थाना क्षेत्र के अगौया गांव निवासी लक्ष्मीकांत मंडल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार वनबाद का जंगल सुनसान क्षेत्र होने के कारण वहां लोगों का आना-जाना बहुत कम होता है। पिछले कुछ दिनों से इलाके में तेज दुर्गंध फैल रही थी। शुक्रवार को ग्रामीण दुर्गंध के स्रोत का पता लगाने जंगल की ओर गए, जहां एक पेड़ से लटका हुआ सड़ा-गला शव दिखाई दिया। इसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर मसलिया थाना प्रभारी राजेश रंजन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से शव को पेड़ से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। घटनास्थल से एक लुंगी, गमछा, पैंट-शर्ट, झोला तथा 1100 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद सामान के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की, जिसके बाद मृतक की पहचान लक्ष्मीकांत मंडल के रूप में हुई। परिजनों ने भी उनकी पहचान की पुष्टि की। परिवार के लोगों का कहना है कि छोटी बेटी की शादी के बाद से उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी और वे अक्सर परेशान रहते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# युवक का पार्थिव शरीर गुजरात से पहुंचा गांव

**रामगढ़:** नौखेता पंचायत अंतर्गत पिंडारी गांव निवासी विकास राय (19 वर्ष), पिता देवेंद्र राय का गुजरात के अहमदाबाद में कार्य के दौरान असामयिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार एवं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पार्थिव शरीर जब पैतृक आवास पहुंचा तो पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया तथा अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़ पड़े।मृतक विकास राय गुजरात के अहमदाबाद में कार्यरत थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद बोड़िया जन जान सेवा फाउंडेशन एवं सामाजिक कार्यकर्ता जीतलाल राय ने मामले में सक्रिय पहल करते हुए परिजनों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा। उनके प्रयासों से मृतक का पार्थिव शरीर सकुशल पैतृक गांव पहुंच सका।

# अवैध कोयला खदानों पर चला बुलडोजर



**गोपीकांदर।** अंचल क्षेत्र के ओडमो डहरटोला में धड़ल्ले से चल रहे अवैध कोयला खनन के खिलाफ जिला टास्क फोर्स टीम ने शुक्रवार को एक बार फिर कड़ा रुख अपनाया है। सीओ विजय प्रकाश मरांडी, खनन इंस्पेक्टर गौरव सिंह, मनजीत दुबे, वन रेंज पदाधिकारी एलआर रवि, और थाना प्रभारी सुमित कुमार भगत की संयुक्त अगुवाई में टीम ने ओडमो डहरटोला पहुंचकर जेसीबी मशीनों की मदद से दो अवैध कोयला खदानों की डोजरिंग कराई और उनके सुरंगों को पूरी तरह मलबे से पाटकर बंद कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक, कोयला तस्करों ने पहले से बंद पड़ी इन खदानों से दोबारा मिट्टी हटाकर अवैध रूप से खनन शुरू कर दिया था। इससे पहले मार्च महीने में भी प्रशासन ने इन खदानों को बंद कराया था, लेकिन तस्करों की इस हिमाकत ने क्षेत्र में प्रशासनिक मुस्तैदी और अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाने की चुनौती को एक बार फिर सामने खड़ा कर दिया है। कोयला खदानों को ध्वस्त करने के बाद टास्क फोर्स की टीम सीधे शिलंगी क्षेत्र पहुंची, जहां बड़े पैमाने पर अवैध बालू के उठाव की सूचना मिली थी।

# प्रवासी मजदूरों की सुरक्षा सर्वोपरि : डीसी



**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं और शिकायतों को लेकर शुक्रवार को एक अहम समीक्षा बैठक की गई। इस बैठक में श्रमिकों के पंजीकरण, उनकी सुरक्षा और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जिले से बाहर रोजगार के लिए जाने वाले प्रत्येक प्रवासी मजदूर का शत-प्रतिशत निबंधन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 'आपनार आतो कामी' कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से श्रमिकों का पंजीकरण करने के साथ-साथ उन्हें सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ भी दिया जा रहा है। श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए उपायुक्त ने कहा कि मजदूरों का शोषण या किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मेट के खिलाफ मिली शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए उन्होंने मामलों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आदेश दिया। बैठक में मौजूद उप श्रम आयुक्त, श्रम अधीक्षक और पुलिस उप अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने और उन्हें श्रम विभाग की योजनाओं के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

# मासूमों के हाथों में औजार नहीं, किताब दें : डालसा




**दुमका।** बाल श्रम को जड़ से मिटाने और बच्चों को उनका अधिकार दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार पूरी तरह रेस है। झालसा रांची के निर्देश और डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि के आदेश पर शुक्रवार को जरमुंडी प्रखंड में न्याय रथ के माध्यम से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान का मुख्य मकसद लोगों को बाल श्रम के खिलाफ जागरूक करना और उन्हें कानूनी अधिकारों की जानकारी देना था। डालसा सचिव विवेक कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल श्रम बच्चों के सुनहरे भविष्य का दुश्मन है। यह न सिर्फ उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य को छीनता है, बल्कि देश के विकास को भी रोकता है। हर बच्चे को सुरक्षित बचपन और सम्मानजनक जीवन जीने का पूरा अधिकार है। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम और बच्चों से जुड़ी कल्याणकारी सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव ने अपील की कि बाल श्रम को कतई बढ़ावा न दें। यदि कहीं भी कोई बच्चा मजदूरी करते दिखे, तो तुरंत इसकी सूचना संबंधित विभाग या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें।

# मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता से ही मजबूत होगा लोकतंत्रः अमित मंडल




**दुमका :** भागलपुर रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में झारखंड में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर बीएलए-2 कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक की अध्यक्षता भाजपा दुमका के जिलाध्यक्ष रूपेश मंडल ने की, जबकि मंच संचालन बीएलए-1 गुंजन मरांडी द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में गोड्डा के पूर्व विधायक सह भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल शामिल हुए। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद सुनील सोरेन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमित मंडल ने कहा कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में मतदाता सूची की शुद्धता एवं पारदर्शिता का सबसे बड़ा योगदान होता है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बीएलए-2की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर सक्रिय रहकर मतदाता सूची का गहन अध्ययन करने, पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने और त्रुटियों को सुधारने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी सजगता के साथ इस अभियान में जुटने का आह्वान किया।

# आंगनबाड़ी कर्मियों के अनुपस्थित रहने पर होगी चयनमुक्ति : डीसी



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक शुक्रवार को की गई। इस बैठक में जिले के विकास और समाज कल्याण से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन से लेकर महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि किसी भी आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका, सहायिका या पोषण सखी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाई जाती हैं, तो उनसे तुरंत स्पष्टीकरण मांगा जाए। चित्त न होने पर उन्हें सीधे सेवा से मुक्त करने का प्रस्ताव भेजा जाए। उन्होंने साफ किया कि केंद्रों का नियमित संचालन और आम जनता को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं देना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ग्रामीण विकास और महिलाओं के कल्याण को गति देने के लिए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की भी बारीकी से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूरा किया जाए और अधिक से अधिक पात्र गर्भवती व धात्री महिलाओं को इस योजना से जोड़कर उन्हें समय पर सरकारी लाभ पहुंचाया जाए। इसके साथ ही सेविका और सहायिकाओं के लंबित मानदेय का समय पर भुगतान करने और पोषण ट्रैकर एप में टीएचआर की एंट्री अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था को सुधारने के लिए बुनियादी ढांचे पर भी विशेष ध्यान दिया गया। उपायुक्त ने आदेश दिया कि जिन केंद्रों में बच्चों का वजन नापने वाली मशीनें खराब हैं, उन्हें तुरंत ठीक कराया जाए या नई मशीनें खरीदी जाएं।

# सरकार पहाड़िया समाज के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है : बसंत



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** नगर के सिटी गार्डन सभागार में पहाड़िया समाज की ओर से मैट्रिक परीक्षा में बेहतर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस गौरवमयी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित कर उन्हें उच्च शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना था।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुमका के विधायक बसंत सोरेन और विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार शामिल हुए। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और सफल विद्यार्थियों को मंच पर लाकर सम्मानित किया। इस दौरान पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

मंच से युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार पहाड़िया समाज के उत्थान और विकास के लिए हर स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि आज समाज में पढ़े-लिखे नौजवानों और बेटियों की संख्या बढ़ रही है, जो एक बेहद सकारात्मक संकेत है।

विधायक ने शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि बदलते समय और परिस्थितियों के अनुसार युवाओं को अपने हक-अधिकारों को बारीकी से समझना होगा। समाज के विकास के लिए चल रहे अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना होगा।

# हूल दिवस रैली को सफल बनाने और मानदेय भुगतान पर हुआ मंथन



**मसलिया ।** अंचल सभागार में शुक्रवार को ग्राम प्रधान संगठन के प्रखंड अध्यक्ष हरिनारायण पंडित की अध्यक्षता में पारंपरिक स्वशासन प्रमुखों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में ग्राम प्रधान, गुड़ित, नाइकी और जोग मांझी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 30 जून को हूल दिवस के अवसर पर दुमका जिला मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली महारैली को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाना है। जिला कोषाध्यक्ष श्रीपति मंडल ने सभी पदाधिकारियों से समय पर दुमका पहुंचने की अपील की। इसके साथ ही बैठक में मानदेय से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक मुद्दे पर भी चर्चा की गई। प्रखंड अध्यक्ष ने सभी ग्राम प्रधानों और पारंपरिक सहायकों को निर्देश दिया कि वे अपने आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर आईडी कार्ड और प्रधानी पट्टा की फोटोकॉपी जल्द से जल्द जमा करें। कागजातों के सत्यापन न होने के कारण ग्राम प्रधानों का चार महीने का और अन्य सहायकों का आठ महीने का मानदेय लंबित है। इस दस्तावेज सत्यापन के बाद सभी का रुका हुआ मानदेय जारी हो सकेगा। बैठक में मुख्य रूप से शक्ति सोरेन, सुनिराम मरांडी, मैनेजर हांसदा, निताई दत्ता, अर्जुन मरांडी और नंदलाल दत्ता सहित कई ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर चला अभियान



**दुमकाः** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दुमका बाजार क्षेत्र में एक व्यापक जागरूकता सह प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया। जन शिक्षण संस्थान और ट्राइबल स्किलिंग सेंटर, दुमका के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज को बाल श्रम के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना और बच्चों को शिक्षा से जोड़ना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक मोती उपाध्याय ने कहा 'बच्चे राष्ट्र की सबसे महत्वपूर्ण पूंजी हैं। उन्हें शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाल श्रम बच्चों के बचपन और भविष्य को अंधकार में धकेलता है। ' अभियान के दौरान संस्थान के अधिकारियों ने लोगों को बाल अधिकारों और इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।

# ग्राम शिक्षा संगम का आयोजन




**जरमुंडी ।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को सीखने की प्रक्रिया से निरंतर जोड़ने तथा गांव में पढ़ने-लिखने की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से जरमुंडी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डूमरथर के पोषक क्षेत्र में एक सप्ताह तक ग्राम शिक्षा संगम का सफल आयोजन किया गया। इस अभिनव पहल ने पूरे गांव को एक खुले शिक्षण परिसर में परिवर्तित कर दिया, जहां बच्चे, अभिभावक और समुदाय शिक्षा के उत्सव में सहभागी बने। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) आधारित गतिविधियों से जोड़ा गया। नाम कार्ड के माध्यम से परिचय, पुस्तक पठन, संख्या ज्ञान विकसित करने के लिए दस-दस के बंडल बनाना, वस्तुओं की पहचान करना तथा समूह आधारित शिक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। वहीं अभिभावकों ने भी बच्चों के साथ बैठकर पुस्तकें पढ़ीं, कहानियां सुनीं और सुनाई तथा पुस्तकों पर चर्चा कर सीखने की प्रक्रिया को घर-घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दरवाजा खोलते ही करैत ने डंसा, महिला की मौत

**जामा।** थाना क्षेत्र के सेजाकोड़ा गांव में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां घर का दरवाजा खोलने के दौरान एक महिला को जहरीले करैत सांप ने डंस लिया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान करीब 35 वर्षीय सुनीता देवी के रूप में हुई है, जो श्याम सुंदर राय की पत्नी थी। जानकारी के अनुसार सुनीता देवी रोज की तरह सुबह अपने मिट्टी के घर का मुख्य दरवाजा खोल रही थीं। इसी बीच दरवाजे के पास ही घात लगाकर छिपे करैत सांप ने उनके पैर में डंस लिया। सांप के काटते ही महिला चीख पड़ी, जिसके बाद परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे।

# किटनाशक खाने से नवविवाहिता की मौत

**दुमका ।** चकलता गांव से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां आपसी कलह ने एक हंसती-खेलती जिंदगी को हमेशा के लिए खामोश कर दिया। गांव की रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती ने घरेलू विवाद से परेशान होकर जहरीला कदम उठा लिया। महिला ने घर में रखी कीटनाशक दवा गटक ली, जिससे उसकी तबीयत अचानक बहुत ज्यादा बिगड़ गई। तबीयत खराब होते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बचाने का पूरा प्रयास किया। हालांकि, जहर का असर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद से चकलता गांव में मातम पसरा हुआ है और पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।




स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686